श्रवाण माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 189 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 04 अगस्त 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**कांग्रेस ने साधा सरकार पर निशानाः सत्य की आवाज नहीं डरेगी पुलिसिया पहरों से, गांधी के अनुयायी लड़ के जीतेंगे इन अंधेरों से**

# ईडी ने यंग इंडिया कंपनी का दफ्तर किया सील






**नई दिल्लीः** ईडी ने दिल्ली में हेराल्ड हाउस की इमारत में यंग इंडियन के कार्यालय को सील कर दिया है। वजह बताई गई कि तलाशी के दौरान कार्यालय में कोई भी उपलब्ध नहीं था और इसलिए वे तलाशी पूरी नहीं कर पाए। आदेश में कहा गया है कि एजेंसी से बिना पूर्व अनुमति के परिसर नहीं खोला जाएगा। इस बीच एआईसीसी मुख्यालय की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। इसके साथ ही 10 जनपथ यानी कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। देर रात तक सूत्रों की मानें तो ईडी कभी भी कांग्रेस दफ्तर पर छापेमारी की कार्रवाई कर सकती है। इन अटकलों के बीच कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, सलमान खुर्शीद, दिग्विजय सिंह, पी चिदंबरम और अन्य दिग्गज एआईसीसी मुख्यालय पहुंचने लगे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के कार्यालय और 10 जनपथ आवास के बाहर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।


**कांग्रेस ने साधा सरकार पर निशानाः** इस बीच कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। पार्टी की ओर से कहा गया कि सत्य की आवाज नहीं डरेगी पुलिसिया पहरों से। गांधी के अनुयायी लड़ के जीतेंगे इन अंधेरों से। नेशनल हेराल्ड का ऑफिस सील करना, कांग्रेस मुख्यालय को पुलिस पहरे में कैद करना तानाशाह की डर और बौखलाहट दोनों दिखाता है। पर महंगाई और बेरोजगारी के सवाल तो फिर भी पूछे जाएंगे।

**खामियाजा पूरे देश को भुगतना पड़ेगा- गहलोतः** राजस्थान के मुख्यमंत्री और दिग्गज कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने कहा कि कांग्रेस मुख्यालय एवं 10 जनपथ को पुलिस छावनी बनाने की आज की कार्रवाई अघोषित आपातकाल है। नेशनल हेराल्ड (यंग इंडिया) के दफ्तर को जबरन सील कर दिया गया। एनडीए की इस तानाशाही सरकार के खिलाफ यदि कांग्रेसजनों के साथ आम जनता खड़ी नहीं हुई तो इसका खामियाजा पूरे देश को भुगतना पड़ेगा।

**सलमान खुर्शीद ने साधा निशानाः** मामले में सलमान खुर्शीद ने कहा कि हमें जो कुछ भी कहना है, हम आधिकारिक तौर पर कहेंगे। हमारे प्रवक्ता बोलेंगे। हमें चर्चा करनी होगी, हम करेंगे। सीलिंग का कोई कारण नहीं है, कारण सामने आ जाएगा। इस देश में कोई छिप नहीं सकता और हमला नहीं कर सकता। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने नेशनल हेराल्ड के कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग जांच के संबंध में हमने स्पष्ट रूप से कहा है कि इस मामले का कोई आधार नहीं है, क्योंकि पैसा नहीं है। अगर पैसा नहीं है तो लॉन्ड्रिंग कैसे हो सकती है।

**अजय माकन ने प्रेस कांफ्रेस कर साधा निशानाः** इस बीच कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस नेता अजय माकन ने कहा कि हम इसके विरोध में प्रधानमंत्री के घर का घेराव करेंगे।

## जेल जाएंगे राहुल-सोनिया गांधीः स्वामी



**नेशनल** हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस को सबसे पहले बीजेपी नेता सुब्रह्मण्यम स्वामी ने उठाया था। उन्होंने कहा कि मेरी ईडी से बात हुई है, मामले की जांच एकदम सही दिशा में चल रही है। उनका कहना है कि नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया-राहुल जेल जाएंगे।

**नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया से 100 से ज्यादा सवाल हुएः** नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी से 3 दिन में 12 घंटे सवाल हुए थे। 21 जुलाई को 3 घंटे, 26 जुलाई को 6 घंटे और 27 अगस्त को 3 घंटे ईडी ने पूछताछ की थी। इस दौरान उनसे 100 से ज्यादा सवाल किए गए। ईडी ने राहुल गांधी से भी जून में पांच दिनों में 50 घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की थी।

**ईडी ने सोनिया से यह सवाल पूछे थे**

यंग इंडिया लिमिटेड संस्था किस क्षेत्र में काम करती है?

लेनदेन से जुड़ी कितनी बैठकें आपके आवास 10 जनपथ पर हुईं?

लेनदेन के बारे में आपको क्या जानकारी है? इसके शेयर किस तरह बिके?

## बुन्देली किसान अब हिमांचल वासियों को सिखायेंगे जैविक खेती के गुर

**बांदा।** हिमांचल प्रदेश की वादियों में अब बुन्देली किसान जैविक खेती के गुर सिखायेंगे। हिमांचल के कांगडा जिले में यह कार्य 7 अगस्त से लगभग 2 माह तक चलेगा। बतौर पायलट स्टडी प्रारम्भ भी एक दर्जन किसानो को मौका दिया जा रहा है। जिनको लगभग 20000 रुपए की दर से मासिक वेतन भी दिया जायेगा। किसानों की कोई निर्धारित न्यूनतम योग्यता नहीं है। अलबत्ता जैविक खेती का अनुभव वान्छनीय है। जिन किसानों को बागवानी, मशरूम की खेती, औषधीय पौधों की खेती का अनुभव है उनकी भी खासी मांग है। खाद्य प्रसंस्करण से जुडी बुन्देली महिला किसान जो अचार , मुरब्बा , पापड़, बडियां , जैम - जैली आदि बनाने में निपुण हैं उन्हें भी कांगड़ा में प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया गया है। इतना ही नहीं बुन्देली किसान हिमांचल प्रदेश के लोगों को ब्यूटीशियन, सिलाई और हेल्थ केयर सेक्टर के जनरल ड्यूटी असिस्टैंट आदि द्वि मासिक प्रशिक्षण भी प्रदान कर सकेंगे। उपरोक्त किसी भी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए कोई शैक्षिक योग्यता निर्धारित नहीं की गयी।

## 'केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में 34 हजार से अधिक महिलाएं सेवारत'



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को संसद को सूचित किया कि 34 हजार से अधिक महिलाएं वर्तमान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) जैसे विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में सेवारत हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक प्रश्न के लिखित जवाब में बताया कि सीआरपीएफ में 9,454 महिलाएं, बीएसएफ में 7,391 महिलाएं, सीआईएसएफ में 9,320, आईटीबीपी में 2,518, एसएसबी में 3,610 और असम राइफल्स में 1,858 महिलाएं हैं। उन्होंने बताया कि जनवरी 2016 में यह निर्णय लिया गया था कि आरंभ में सीआरपीएफ और सीआईएसएफ में महिलाओं के लिए कांस्टेबल स्तर पर 33 प्रतिशत पदों और सीमा रक्षक बलों अर्थात बीएसएफ, एसएसबी और आईटीबीपी में कांस्टेबल स्तर पर 14-15 प्रतिशत पदों को महिलाओं द्वारा भरे जाने के लिए आरक्षित किया जाएगा। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में भर्ती के लिए पुरुष उम्मीदवारों की तुलना में सभी महिला उम्मीदवारों को शारीरिक मानक परीक्षण (पीएसटी) और शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) में छूट दी गई है।

## कॉमनवेल्थः महिला हॉकी टीम पहुंची सेमीफाइनल में



**बर्मिंघमः** राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है। उसने अपने चौथे ग्रुप मैच में कनाडा को 3-2 से हराया। इस हार के बाद कनाडा की टीम का सेमीफाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया है। भारतीय टीम पांचवीं बार राष्ट्रमंडल खेलों के सेमीफाइनल में पहुंची है। उसने पिछली बार 2018 (गोल्ड कोस्ट) में भी अंतिम-4 में जगह बनाई थी, लेकिन तब कांस्य पदक से चूक गई थी। भारत के लिए इस मैच में सलिमा टेटे, नवनीत कौर और लालरेम्सियामी ने गोल दागे। वहीं, कनाडा के लिए ब्रिएन स्टेयर्स और हन्ना ह्यून ने गोल किया। भारत ग्रुप में चार में से तीन मैच जीतने में सफल रहा है। उसने घाना को 5-0 से और वेल्स को 3-1 से हराया था। वहीं, इंग्लैंड के खिलाफ हार मिली थी। सेमीफाइनल मे भारतीय महिला टीम का मुकाबला पांच अगस्त को ऑस्ट्रेलिया से होगा।

**भारोत्तोलक लवप्रीत सिंह ने जीता कांस्य-** भारतीय भारोत्तोलक लवप्रीत सिंह ने भारोत्तोलन के 109 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया है। लवप्रीत ने स्नैच राउंड में कुल 163 किग्रा भार उठाया,वहीं, क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 192 किग्रा भार के साथ दोनों राउंड मिलाकर कुल 355 किग्रा भार उठाया। कैमरून के जूनियर पेरिकलेक्स नगदजा न्याबेयू ने 361 किलोग्राम की संयुक्त लिफ्ट के साथ स्वर्ण पदक जीता, जिसमें स्नैच श्रेणी में 160 किलोग्राम की सर्वश्रेष्ठ लिफ्ट और सी एंड जे श्रेणी में 201 किलोग्राम की सर्वश्रेष्ठ लिफ्ट शामिल थी। रजत पदक समोआ के जैक हितिला ओपेलोगे को मिला, जिन्होंने 358 किग्रा (स्नैच श्रेणी में 164 किग्रा और सी एंड जे श्रेणी में 194 किग्रा) का संयुक्त भार उठाया था। लवप्रीत सिंह की शुरूआत शानदार रही। उन्होंने पहले स्नैच प्रयास में 157 किग्रा का ठोस भार उठाया और इसके बाद उन्होंने बढ़त बना ली। उनका दूसरा स्नैच प्रयास 161 किग्रा का था।

## 'वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी श्रेणियों में रियायतों का दायरा बढ़ाना वांछनीय नहीं'



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने संसद में कहा कि वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी श्रेणियों के यात्रियों को रियायतें देने का दायरा बढ़ाना वांछनीय नहीं है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के जवाब में बताया कि भारतीय रेल यात्री सेवाओं के लिए निम्न किराया संरचना के कारण वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी यात्रियों के औसतन यात्रा की लागत का 50 प्रतिशत से अधिक पहले से ही वहन कर रही है। इसके अलावा कोविड-19 के कारण पिछले दो वर्ष की यात्री आमदनी 2019-20 की तुलना में कम है। इसका रेलवे की वित्तीय स्थिति पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ा है।

उन्होंने बताया कि रियायत देने की कीमत रेलवे पर बहुत भारी पड़ती है। इसलिए, वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी श्रेणियों के यात्रियों को रियायतें देने का दायरा बढ़ाना वांछनीय नहीं है। इन चुनौतियों के बावजूद, भारतीय रेल ने दिव्यांग व्यक्तियों की चार श्रेणियों, रोगियों और विद्यार्थियों की 11 श्रेणियों के लिए किराए में रियायत जारी रखी है।

## अग्निपथ योजनाः नौसेना को मिले सबसे ज्यादा आवेदन



**नई दिल्लीः** अग्निपथ भर्ती योजना के तहत अग्निवीर बनने के लिए भारतीय नौसेना को सबसे ज्यादा 9.55 लाख आवेदन मिले हैं। इसमें 82 हजार महिला उम्मीदवारों ने भी पंजीकरण कराया है। इसी के साथ अब नौसेना में सीनियर सेकेंडरी रिक्रूट और मैट्रिक रिक्रूट की पंजीकरण प्रक्रिया पूरी हो गई है। अग्निपथ योजना के लिए नौसेना में पंजीकरण कराने वालों की संख्या वायु सेना से भी ज्यादा हो गई है क्योंकि वायु सेना को साढ़े सात लाख आवेदन मिले हैं। नौसेना प्रवक्ता के अनुसार, भारतीय नौसेना में 10 प्लस 2 स्तर पर अग्निवीर बनने के लिए 20,449 महिलाओं ने आवेदन किया है। इसके अलावा 2,82,879 पुरुषों के भी आवेदन मिले हैं। यानी नौसेना को अग्निपथ योजना के तहत एक हफ्ते में तीन लाख से ज्यादा आवेदन मिले हैं। नौसेना ने 12वीं पास युवाओं के लिए 15 जुलाई को आवेदन की शुरूआत की थी जिसके लिए 24 जुलाई तक पंजीकरण हुए। पहले हफ्ते में भारतीय नौसेना में अग्निवीर बनने के लिए 3,03,328 युवाओं ने आवेदन किया जिनमें 20,449 महिलाएं भी शामिल हैं।

**बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले का नया पैटर्नः खौफ वहां भी जहां पहले कभी हिंसा नहीं हुई**

# कट्टरपंथियों के निशाने पर हिंदू टीचर




ढाकाः 'हिंदू महिलाएं बिलख रही थीं, घरों और दुकानों में आग लगा दी गई थी। हर चेहरे पर खौफ था। बांग्लादेश के हिंदू दशकों से इस खौफ के साए में जी रहे हैं, लेकिन अब ये दहशत उन इलाकों में भी पहुंच रही है, जहां पहले ऐसा नहीं हुआ था।' ये कहना है बांग्लादेश में हिंदुओं के अधिकारों के लिए काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल चटर्जी का, जो हाल में हिंसाग्रस्त रहे नड़ाइल जिले के दघाइल गांव का दौरा करके लौटे हैं। यहां दो सप्ताह पहले एक कथित विवादित फेसबुक पोस्ट के बाद हिंदुओं को निशाना बनाया गया था। निर्मल चटर्जी कहते हैं- हिंदुओं के घरों और दुकानों को लूट लिया गया। महिलाओं के गहने भी छीन लिए गए। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले की ये कोई पहली या अकेली घटना नहीं है। इसी साल मार्च में भीड़ ने एक हिंदू मंदिर पर हमला कर दिया था। बाद में प्रशासन ने इसे प्रॉपर्टी विवाद से जुड़ा बताया था।

**बांग्लादेश में हिंदुओं पर बड़े हमलेः** अक्टूबर 2021 में कई जिलों में हिंदुओं पर हमले हुए थे। दुर्गा पूजा के दौरान हुए इन हमलों में कम से कम दो लोगों की मौत हुई थी और दर्जनों घायल हुए थे। मुसलमानों की भीड़ ने कई शहरों में दुर्गा पंडालों पर हमले किए। ये हमले भी कथित तौर पर कुरान के अपमान के आरोप के बाद हुए थे। साल 2016 में नसीरनगर में हिंदुओं पर बड़ा हमला हुआ था। 19 मंदिर तोड़ दिए गए थे और 300 से अधिक हिंदू घरों को निशाना बनाया गया था। इस हमले में सौ से अधिक लोग घायल हुए थे। 2012 कॉक्स बाजार जिले के रामू उप जिले में अल्पसंख्यक बौद्धों को निशाना बनाकर बड़े हमले किए गए थे। ये हमले भी एक विवादित फेसबुक पोस्ट के बाद ही हुए थे।

## चीनी मोबाइल कंपनी वीवो की जांच में 2217 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी का खुलासा




**नई दिल्ली।** चाइनीज मोबाइल कंपनी शाओमी और ओप्पो के बाद अब वीवो इंडिया की जांच में 2217 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी का खुलासा हुआ है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने इस सीमा शुल्क की चोरी का पता लगाया है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में बताया कि डीआरआई ने चाइनीज मोबाइल कंपनी वीवो के कई ठिकानों पर छापेमारी के बाद लगभग 2,217 करोड़ रुपये की सीमा शुल्क की चोरी का पता लगाया है। इसके बाद डीआरआई ने वीवो इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जांच एजेंसी ने कस्टम्स एक्ट, 1962 के तहत कंपनी से 2217 करोड़ रुपये की सीमा शुल्क की जानकारी मांगी, जिसके बाद 60 करोड़ रुपये जमा कराये हैं। इस चाइनीज कंपनी का नाम वीवो मोबाइल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड है। यह चीनी मोबाइल फर्म वीवो कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड कंपनी की एक सहायक कंपनी है। पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्य सभा में एक सवाल के जबाव में बताया था कि ओप्पो, वीवो और शाओमी के खिलाफ टैक्स चोरी के संदेह में जांच चल रही है।

**खबर संक्षेप**

## करोड़ो खर्च के बाद 'भी नहीं बदल रही गांवो की सूरत

**लेडियारी।** सरकार भले ही गांवो के विकास को लेकर सजग दिख रही है और ग्राम पंचायतों को पर्याप्त धनराशि विकास के लिए मुहैया कराई जा रही है लेकिन ज्यादातर सरकारी योजनाएं कमीशनबाजी की भेंट चढ़ गई है जिसके चलते गांवो का विकास बुरी तरह से प्रभावित दिख रहा है। सूबे के मुख्यमंत्री एवम देश के प्रधानमंत्री द्वारा भटांचार को समाप्त करने को बात कही जा रही है। लेकिन मातहत विभागीय जिम्मेदार सुधरने का नाम नहीं ले रहे है जिसके चलते सरकारी मंशा को पलीता लग रहा है। कमीशनखोरी घटने की बजाय बढ़ती ही जा रही है इस खेल में छोटे स्तर से लेकर बड़े स्तर तक के जिम्मेदार लिप्त है हर योजना में कमीशन का पूरा खाका बना कर रखा जाता है और कुछ कमीशन काम के पूर्व तो कुछ काम कराने के बाद वितरण होता है। केंद्र सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना मनरेगा हो या राज्य वित्त केंद्रीय पन्द्रहवां वित्त हो हर योजना कमीशनवाजी का शिकार है।

# भारतीय सेना के हेलीकॉप्टर की करछना में हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** रांची से प्रयागराज आ रहे भारतीय सेना का चीता हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आने से करछना क्षेत्र के बेदो एवं मुगारी गांव के सीमा क्षेत्र थाना औद्योगिक क्षेत्र में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई उसके बाद सेना के दो हेलीकॉप्टर करछना क्षेत्र के बेदो गांव लैंडिंग ग्राउंड पर पहुच कर एक हेलीकॉप्टर से कयी टेक्नीशियन बाहर निकल इमरजेंसी लैंडिंग सेना के हेलीकॉप्टर के पास गए और आधे घंटे में तकनीकी खराबी ठीक कर रवाना किया उस दौरान सेना का एक हेलीकॉप्टर आधे घंटे तक हवा में उडता रहा , वही गांव में अचानक हुई हेलीकॉप्टर की लैंडिंग से आस पास गांवों के लोगों की देखने वालों का मजमा लगा रहा,रांची से उड़ कर बिहिटा ट्रेनिंग सेंटर से होते हुए प्रयागराज आ रही थी।भारतीय वायु सेना के 29 वीविंग के टेक्नीशियन और इंजीनियर द्वारा हेलीकॉप्टर को ठीक कर पुनः गंतव्य के लिए ले जाया गया।तकनीकी खराबी को ठीक करने के बाद हेलीकॉप्टर को एयर फोर्स स्टेशन बमरौली प्रयागराज ले जाया गया।इस पूरी घटना क्रम में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।सेना द्वारा उक्त हेलीकॉप्टर के सभी यात्री एवं पायलट सुरक्षित होने की बात कही गई है।

रांची से प्रयागराज आ रहे भारतीय सेना का चीता हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आने से करछना क्षेत्र के बेदो एवं मुगारी गांव के सीमा क्षेत्र थाना औद्योगिक क्षेत्र में करायी गई इमरजेंसी लैंडिंग



भारतीय सेना का हेलीकाप्टर चीता

## ट्रेन से कटकर महिला ने दी जान तथा फंदे पर लटककर युवक ने की आत्महत्या

**प्रयागराज।** शहर में बुधवार को दो लोगों ने आत?महत?या की। अलग-अलग इलाकों की घटना है। ट्रेन से कटकर विवाहित महिला ने जान दी। वहीं एक युवक किन्हीं कारणों से फंदे पर लटककर आत्महत्या किया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। धूमनगंज थाना क्षेत्र के राजरूपपुर निवासी 24 वर्षीय लवली सिंह ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। बुधवार को उसकी लाश सूबेदार रेलवे स्टेशन के करीब ट्रैक पर मिली। मायके वालों ने अभी तक कोई आरोप नही लगाया है। बुधवार सुबह स्टेशन मास्टर से जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने छानबीन करते हुए पहचान की। एक अन्य घटना में प्रयागराज के कीडगंज के कृणा नगर मोहल्ले में रहने वाले 19 वर्षीय आजाद रविदास ने फंदे पर लटककर जान दे दी। घटना की जानकारी होने पर परिवार हतप्रभ रह गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नही मिला। खुदकशी का कारण साफ नहीं है। बताया गया कि आजाद के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। आजाद बैंड पार्टी में काम करता था। इंस्पेक्टर कीडगंज राममूर्ति यादव का कहना है कि परिवार वाले आत्महत्या का कारण नही बता पा रहे हैं।





## क्षेत्र पंचायत सदस्य की रिक्त एक सीट के लिए चुनाव पार्टियां हुई रवाना

**करछना।** विकास खंड करछना वार्ड संख्या 57 से निर्वाचित महिला क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम पंचायत हिंदूपुर से निर्वाचित महिला का निधन हो जाने के बाद पंचायत चुनाव प्रक्रिया के तहत दोबारा मतदान कराया जा रहा है जिसमें दो लोगों ने नामांकन किया है जिसका चुनाव 4 अगस्त को होगा और 5 तारीख को मतगणना की जाएगी जिसके लिए ब्लॉक मुख्यालय से बुधवार को पीठासीन अधिकारी ने पोलिंग पार्टियों को रवाना किया स्तरीय पंचायत के रिक्त पदों पर करछना विकाश खण्ड में नामित जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत यादव व सहायक निर्वाचन अधिकारी आनन्द कुमार सिंह एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा के समक्ष हिंदूपुर द्वितीय पर वार्ड संख्या 57 से महिला सामान्य सीट पर सदस्य क्षेत्र पंचायत के पद पर तीन उम्मीदवारों ने अपनी उम्मीदवारी पेश की।जिसमे रीना पत्नी उमाकांत निवासी फत्तेपुर,प्रतिभा सिंह पत्नी ओमप्रकाश सिंह उर्फ कबूतर निवासी हिंदूपुर,रंजना पत्नी रामदुलार उर्फ अंगद पटेल निवासी फत्तेपुर ने नामांकन किया।जंहा कुछ पांच नामांकन फार्मो की बिक्री हुयी थी।जिसमे से तीन महिलाओ ने नामांकन किया।वही सदस्य ग्राम पंचायत के झिरी लच्छीपुर गांव के वार्ड संख्या 08 से शैलेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र सभाजीत ने अकेले नामांकन किया।जंहा दो फार्मो की बिक्री हुई था।वही हिंदूपुर में निर्वाचित महिला क्षेत्र पंचायत की मृत्यु के चलते सीट खाली हो गयी थी।

# इफको : संगठित रहकर ही अन्याय, अत्याचार व शोषण से बचा जा सकता है : पंकज पांडेय

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों को इफको एम्पलॉइज एसोसिएशन ने सम्मनित कर किया विदा

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** औद्योगिक विकास में मजदूरो का योगदान अहम होता है। इनके बिना सशक्त राष्ट्र की कल्पना भी नहीं की जा सकती। ये हमारे सहकर्मी आज अवकाश प्राप्त कर रहे है इन्होंने अपने अनुभवों को सवांरा है। यह बातें बुधवार को इफको कर्मचारी संघ भवन में आयोजित सेवानिवृत्त कर्मचारियों के विदाई समारोह को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय ने कही। उन्होंने कहा कि अन्याय, अत्याचार और शोषण से बचने के लिए संगठन जरूरी है। महामंत्री विनय यादव ने कहा कि आज हम सबको संगठित रहने की जरूरत है। क्योंकि संगठित रहकर ही हम अपने अधिकारों को पा सकते है। विदाई समारोह में मौजूद सभी सहकर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था में एक साथ काम करने वाले सभी कर्मचारी परिवार की तरह होते हैं। विदाई समारोह में एम्पलाइज एसोसिएशन की तरफ से सेवानिवृत्त कर्मचारी सुनील कुमार यादव, राजकुमार पटेल, हरिश्चंद्र, लक्ष्मी कांत मिश्रा, ज्ञानचंद, रामबहादुर, आमिल सक्सेना,अजीज हुसैन, राम सजीवन,खालिक अली, जयप्रकाश सिंह, लाल बहादुर आदि को अंगवस्त्र व मोमेंटो के साथ उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुए मनोज श्रीवास्तव ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।





सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ इफको एम्पलाइज यूनियन के पदाधिकारी

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को ससुराल पक्ष के लोगों ने भगाया

### ससुर व ददिया ससुर पर अवैध सम्बन्ध का लगा आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** दहेज में तीन लाख की मांग न पूरी होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को भगाया । आरोप है कि ददिया ससुर और ससुर नाजायज सम्बंध बनाने का दबाव बनाने को कहा गया। एस एसपी के आदेश पर ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न सहित अनेकों धाराओं में मुकदमा मऊआइमा पुलिस ने दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक युवती का कहना है कि उसकी शादी 23 मई 2021 को होलागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम ठकुराइन का पूरा बारादरी निवासी वीरेंद्र कुमार पटेल पुत्र उमेश कुमार पटेल के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से तीन लाख रुपये न देने की बात कही जाने लगी कहा गया कि यदि तीन लाख अपने मयके से नहीं लाओगी तो तेरी खैरियत नहीं है। विवाहिता का आरोप है कि ससुर और ददिया ससुर उससे नाजायज सम्बंध बनाने का दबाव बनाने लगे। विवाहिता का आरोप है कि 10जून को भाई की शादी में जा रही तो ससुरालियों ने सारा जेवर छीन कर कहे कि तीन लाख लेकर आना नहीं तो तुझे मार डालें गें। विवाहिता ने एस एस पी के यहां न्याय की गुहार लगाई। एस एस पी के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने पति वीरेंद्र कुमार पटेल, सास किरन देवी ,ससुर उमेश कुमार, देवर राहुल और सत्येंद्र ,ददिया ससुर कमलेश कुमार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित अनेकों धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दी है।

## न्यूज झरोखा

### मोहर्रम का त्योहार शांति पूर्वक मनने की अपील



**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक में मोहर्रम का पर्व भाई चारा सौहार्द पूर्वक मनाने की अपील की गई। बुधवार को मऊआइमा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मऊआइमा क्षेत्र के 54 ताजिदारों ने भाग लिए। रजवापुर में रास्ते को लेकर विवाद की बात बताई गई। इसी प्रकार मरखामऊ में भी रास्ते की बात उठाई गई। जिसपर इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने सभी ताजिदारों से कोई भी समस्या हो तो तुरन्त अवगत कराने की अपील किए तथा जहां भी विवाद है वहां वह पहुंच कर मौके पर निस्तारण करेंगें। पीस कमेटी में ग्राम प्रधान अमजद हुसैन ,वारिश अली ,राम सजीवन पटेल ,दायम अली ,मोहम्मद अख्तर ,रईस उद्दीन ,वकील अहमद ,वाजिद अली ,जमील उद्दीन ,शमीम उर्फ बच्चा ,पप्पू ,हमीद उल्ला ,गुड्डू प्रधान ,रमेश सोनी निमिष खत्री आदि बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

### पंकज शुक्ला बनें उच्च न्यायालय के स्थाई अधिवक्ता



**करछना।** के भडेव़रा गांव निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता व अधिवक्ता पंकज शुक्ला को शासन की ओर से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थायी अधिवक्ता बनाए जाने पर क्षेत्रीय लोगों में हर्ष व्याप्त है । भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े पंकज शुक्ला ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार भी जताया है । चोलाराम ओझा अनिल कुमार तिवारी लाल जी शर्मा विवेक मिश्र मुकुंद लाल सोनकर शिवाकांत निषाद संजय सोनी सुरेश शुक्ला डीएम मिश्रा शिशिन सिंह विपिन पाल आदि लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई भी दी है।

### शिव मंदिर रस्तीपुर में भोलेनाथ का भक्तों ने किया रूद्राभिषेक



**जंघई।** इच्छापूर्ति शिव मंदिर रस्तीपुर प्रांगण में सावन माह में भक्तगण भोले बाबा का दूध व गंगाजल से अभिषेक कर मंगल कामना कर रहे हैं माहौल भक्ति से ओतप्रोत है हर हर महादेव का जयघोष गूंज रहा है। भक्तों ने शिव बाबा का जलाभिषेक करते हुए मत्था टेक कर मंगल कामना किया। बुधवार को मंदिर में रजनीश चतुवेर्दी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ रुद्राभिषेक किया गया। भोलेनाथ को भांग-धतूरा, बेलपत्र, श्वेत मंदार पुष्प, गन्ना आदि अर्पित करने के बाद दूध व जल से अभिषेक एवं भव्य तरीके से पूजन अर्चन रुद्राभिषेक आरती प्रसाद का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों द्वारा अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु भोलेनाथ की पूजा विधि विधान से की जा रही है। जिसमें सूर्यभान चतुवेर्दी, चंद्रमणि चतुवेर्दी, ओमप्रकाश चतुवेर्दी, पंकज चतुवेर्दी, कुणाल चतुवेर्दी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



## हर घर तिरंगा के लिए हुई आवश्यक बैठक

**सहसों।** पुराना कोल्ड स्टोर सहसों चौराहे पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी गंगा पार के मंडल सहसों की वरिष्ठ नेता रमेश कुमार द्विवेदी जी अध्यक्षता में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सम्बन्ध में एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक में उपस्थित मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष गंगापार अनिरुद्ध सिंह ने बैठक संबोधित करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम को जन आंदोलन की तरह लिया जाना चाहिए जिसमें सभी की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने बताया कि पार्टी की तरफ से तिरंगा झंडा तो उपलब्ध कराया ही जा रहा है साथ ही क्षेत्र के एवं पार्टी के कार्यकताओं से भी सहयोग लिया जा रहा है। बैठक में यह भी प्रस्ताव बनाया गया कि 12 अगस्त को सुबह प्रभात फेरी निकाली जाएगी एवं 13 अगस्त 14 अगस्त 15 अगस्त को हर घर जाकर के तिरंगा भी लगाना है। बैठक का संचालन मंडल के महामंत्री पवन कुमार शुक्ला ने किया। बैठक में मुख्य रूप से अशोक तिवारी, राजधर द्विवेदी, पुष्कर सिंह पटेल, ठाकुर संजय सिंह, भूपेंद्र मिश्रा, संतोष सिंह, राजकुमार जयसवाल, शंकरलाल, प्रसिद्ध नारायण पांडे, आलोक सरोज, विमल मिश्रा, रमेश पटेल, संजय तिवारी, राम सुधार बिंद, शिव बाबू केसरवानी, श्रीकांत तिवारी, लालजी धुरिया सहित आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बीएसए प्रयागराज ने उरुवा एआरपी सुनील शुक्ला को किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा।** प्रयागराज सीमैट प्रयागराज के सभागार में एआरपी एसोसिएशन, प्रयागराज के तत्वावधान में ₹ अकादमिक आवश्यकताओं हेतु नई पहल एवं विकास पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस एक दिवसीय कार्यशाला की अध्यक्षता प्रयागराज के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी द्वारा की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सीमैट के एम.आई.एस के विभागाध्यक्ष डॉ.अमित खन्ना के साथ-साथ डॉ.प्रभात मिश्रा, विनोद कुमार मिश्रा (डीसी प्रशिक्षण), श्री राजीव त्रिपाठी (डीसी एमडीएम) एवं जनपद के तीनों एसआरजी तथा सभी विकास खंडों के 102 एआरपी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एसोसिएशन के महामंत्री जय सिंह ने पीपीटी के माध्यम से जनपद के विभिन्न एआरपी के द्वारा अब तक के किए गए सभी प्रयासों को सभी के सामने प्रस्तुत किया। जिसका जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं उपस्थित सभी अथितियों द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। अरविंद मिश्रा,अध्यक्ष ने एआरपी एसोसिएशन की तरफ से कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों का बुके प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम में एआरपी उरुवा सुनील कुमार शुक्ला द्वारा अपने कुछ गीत कविताओं के माध्यम से कार्यक्रम के शीर्षक ₹ निदान ₹ पर चर्चा की और उसके बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी ने अंत में प्रत्येक विकास खंडों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक-एक एआरपी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमें विकास खंड उरुवा से विज्ञान के एआरपी सुनील शुक्ला को ब्लॉक में उनके द्वारा किये गए उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज के हाथों से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात उन्होंने कहा कि जो यह पुरस्कार और सम्मान हमे प्राप्त हुआ है वह हमारे ब्लॉक के सभी शिक्षकों और ब्लॉक के अपने सहयोगी एआरपी टीम को समर्पित करते हैं। यह सम्मान हमारे शिक्षकों के सदप्रयासों का प्रतिफल है,इसलिए इस पर पहला अधिकार उन्हीं का है। कार्यक्रम में जनपद के तीनों एसआरजी सुनील तिवारी, वंदना श्रीवास्तव, प्रशांत ओझा व विभिन्न ब्लॉकों के एआरपी राजेश मिश्रा, प्रीतम दास, विमलेश यादव, कमल मिश्रा, अनुरागिनी, रुचि श्रीवास्तव, अरविंद मिश्रा, अनुराग, शशिकांत आदि लोग उपस्थित रहें।

**यह सम्मान हम अपने ब्लॉक के शिक्षकों व तीनों एआरपी को समर्पित करते है,यह उन्ही के सद्प्रयासों का प्रतिफल है : सुनील शुक्ला**



# कैलाश धाम मंदिर में लगा भव्य मेला व आयोजित हुई कबड्डी प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री कैलाश धाम मंदिर जसरा में भव्य मेले के साथ कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख जसरा अजीत सिंह ने फीता काटकर कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। वहीं आयोजक द्वारा विजेता और उप विजेता टीम को शील्ड देकर सम्मानित किया।

प्रमुख श्री अजीत सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद में सदैव आपसी भाईचारे का ध्यान रखना चाहिए। जिससे आपसी सौहार्द्र बना रहे। कबड्डी प्रतियोगिता में क्षेत्र के कुल 6 गांवों की टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें फाइनल मैच सुजौना और करछना के खिलाड़ियों के बीच खेला गया। करछना की टीम ने पच्चीस अंक बनाकर विजेता घोषित हुई, वहीं सुजौना की टीम 21 अंक के साथ उप विजेता बनी। कार्यक्रम के आयोजक मातादीन मिश्र, शशि कुमार केसरवानी, सुरेंद्र कुमार केसरवानी ने विजेता और उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को शील्ड पदक देकर सम्मानित किया। रेफरी कन्हैया लाल कुशवाहा ,लालचंद्र पटेल ,पवन पटेल, विनय कुमार यादव ,अतुल मिश्र,अवधेश कुमार यादव, मनीष पांडे,राजू केसरवानी, अनूप जायसवाल, आदि लोग उपस्थित रहे। खेलकूद प्रतियोगिता में आये हुए सभी अतिथियों के प्रति सुरेंद्र कुमार केसरवानी ने आभार व्यक्त किया।





## दबंगों ने निमार्णाधीन मकान की गिराई दीवार, दरवाजा भी उखाड़ा

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा।** कोरांव थाना क्षेत्र के तरांव गांव में एक निमार्णाधीन मकान की दबंगों के द्वारा दीवार जहां गिरा दी गई, वहीं मकान में लगे दरवाजे को भी उखाड़ कर फेंक दिया गया। जानकारी के मुताबिक कृष्ण मुरारी व मोहनलाल निवासीगण सेमरिहा थाना कोरांव 25 वर्ष पहले बाबू लाल हरिजन निवासी ग्राम तरांव से तरांव गांव में कोरांव कोहड़ार मार्ग पर चार विश्वा 2 धूर जमीन 40000 रुपए में खरीदी थी। क्योंकि जमीन बाबूलाल हरिजन के नाम थी। उपरोक्त दोनों क्रेताओं के द्वारा न्यायालय में वाद दाखिल कर खरीदी गई जमीन को बतौर आबादी दर्ज करा दिया गया और उसमें मकान निर्माण कर रहने लगे। विक्रेता बाबूलाल हरिजन की मृत्यु हो चुकी है। जुलाई माह की 7 तारीख को बाबूलाल के बेटे राजमणि व रवि शंकर के द्वारा पूर्व में निर्मित पुराने मकान को रात्रि में ढहा दिया गया। जिस पर क्रेता कृष्ण मुरारी के द्वारा कोरांव पुलिस को तहरीर दी गई जिस पर पुलिस ने कार्रवाई की है। ढहाए गए पुराने मकान के स्थान पर क्रेता कृष्ण मुरारी के द्वारा पुनः मकान निर्माण कार्य कराया जाने लगा 7 फीट ऊंची दीवार बनकर तैयार हो गई थी। दीवार में दरवाजे भी लगाए गए थे, किंतु विक्रेता बाबूलाल के बेटे क्रमशः राजमणि व रवि शंकर के द्वारा निमार्णाधीन मकान की दीवार को मय दरवाजे समेत रात्रि में उखाड़ कर पुनः फेंक दिया गया। जिससे क्रेता पक्षों में आक्रोश देखा जा रहा है। क्रेता कृष्ण मुरारी ने पुनः मकान की दीवार गिराए जाने की शिकायत पुलिस से की है।

### 25 वर्ष पहले पिता ने बेंची थी जमीन, बेटे कर रहे दबंगई



### स्टे के बाद रुक गया है भवन निर्माण का काम

क्रेता कृष्ण मुरारी व मोहनलाल के द्वारा पुराने मकान के स्थान पर ही नए मकान का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इसी बीच विक्रेता के बेटे राजमणि व रविशंकर के द्वारा सक्षम न्यायालय से स्टे आर्डर ले लिया गया। जिसके बाद विक्रेता पक्ष के लोगों के निर्माण कार्य को प्रशासन ने रुकवा दिया। स्टे आर्डर के पूर्व ही क्रेता पक्ष के लोगों के द्वारा निमार्णाधीन भवन की 7 फीट ऊंची दीवार बनकर तैयार हो गई थी। उसमें दरवाजे भी खड़े कर दिए गए थे। दबंगों के द्वारा रात्रि में पुनः निमार्णाधीन मकान की दीवार व दरवाजे को उखाड़ कर फेंक दिया गया जिससे पीड़ित क्रेता पक्षों के द्वारा सक्षम अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई गई है।

## खबर संक्षेप

### ज्ञानवापी मामले में 17 अगस्त को सुनवाई, न्यायालय में दोनों पक्षों ने रखे अपने तर्क

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को ज्ञानवापी मस्जिद और विश्वनाथ मंदिर विवाद मामले में सुनवाई करते हुए अगली सुनवाई की तिथि 17 अगस्त को निर्धारित की है। इसके पहले सुनवाई के दौरान ज्ञानवापी मस्जिद की ओर से पक्ष रखा गया। कहा गया कि वार्शिप एक्ट के तहत मस्जिद के स्वरूप में कोई छेड़छाड़ नहीं किया सकता।

लिहाजा, निचली अदालत में चल रहा मामला सुनवाई योग्य नहीं है। इसके जवाब में मंदिर पक्ष की ओर से भी तर्क पेश किए गए। कहा गया कि मस्जिद के स्वरूप की बात नहीं वह मंदिर का हिस्सा है, वह वरशिप एक्ट से बाध्य नहीं है।

# डीएम ने श्रृंगवेरपुर में स्मृति वाटिका एवं गोवंश आश्रय स्थल का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**स्मृति वाटिका को और विकसित किए जाने के साथ-साथ एक सप्ताह में मेंटेन कराने के दिए निर्देश, गोवंश आश्रय स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में भूसा-चारा की रहे उपलब्धता तथा रात्रि में गो-पालक वहीं करें निवास**




**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने बुधवार को श्रृंगवेरपुर में श्रृंगवेरपुर स्मृति वाटिका, ऋषि तलैया श्रृंगवेरपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वाटिका को और विकसित किए जाने के साथ-साथ उसमें बनाये गये तालाब का भी निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि तलाब के किनारे पौधे और लगाये जाने के साथ-साथ स्लोपिंग और तलाब में पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये। स्मृति वाटिका में कुल 450 पौधों का वृक्षारोपण किया गया था, जिनमें कुछ पौधों को वहां के निवासियों द्वारा गोद लिया गया है, वहां पर जिलाधिकारी ने पीपल का पौधा भी लगाया। उन्होंने डीसी मनरेगा कपिल कुमार को निर्देशित किया कि मनरेगा पार्क और स्मृति वाटिका की सूची उपलब्ध करायी जाये तथा जो भी मनरेगा पार्क व स्मृति वाटिका है, उनको और विकसित किया जाये तथा ऋषि स्मृति वाटिका में ओपेन जिम में लगाये गये यंत्रों को भी चलाकर देखा तथा वहां पर एक अखाड़ा भी खोले जाने का प्रस्ताव बनाने को कहा है। जिलाधिकारी ने एक सप्ताह में पार्क को मेंटेन करने को कहा है तथा सचिव को इसी तरह का एक और पार्क विकसित करने के निर्देश दिए है तथा जो भी पौधे लगाये गये है, उसपर नेम प्लेट लगाने को भी कहा है। जिलाधिकारी ने आदर्श गौशाला मेन्डारा श्रृंगेरपुर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गोवंश आश्रय स्थल पर भूसा एवं हरे चारे की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था बनाये रखने तथा गोवंश आश्रय स्थल पर किसी भी स्थिति में जल-जमाव न होने देने के लिए निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने गोवंश आश्रय स्थल पर संरक्षित गोवंशों का शत-प्रतिशत टीकाकरण किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि गो संरक्षण केन्द्र पर जिन पशु पालक की ड्यूटी लगायी गयी है, वे अनिवार्य रूप से वहां पर रात्रि निवास करें। कोई भी गोवंश बाहर नहीं जानी चाहिए। जिलाधिकारी ने गोवंश आश्रय स्थल पर गोवंशों को गुड़ खिलाया। उन्होंने गोवंशों के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए सम्बंधित पशुचिकित्सक को नियमित रूप से गोसंरक्षण केन्द्र का भ्रमण करते हुए संरक्षित गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण नियमित रूप से करने के लिए कहा है। उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट की जानकारी ली। इसे एक मॉडल गोवंश आश्रय स्थल के रूप में भी विकसित करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर डीसी मनरेगा कपिल कुमार, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पुलिस लाइन में सिपाही ने खुद को गोली से उड़ाया, हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** पुलिस लाइन में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। लाइन में तैनात एक सिपाही ने अपनी कार्बाइन से खुद को गोली मार ली। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल की छानबीन की गई।घटना के बाद उसके परिजनों को सूचना दी गई तो परिवार में भी कोहराम सा मच गया। परिवार के लोग प्रयागराज के लिए निकल गए हैं। मृतक सिपाही के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उसकी कार्बाइन को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सराय लाल खातून उर्फ शिवगढ़ वि 0 खं0 सोरांव, प्रयागराज

(अल्पकालीन निविदा सूचना)

ग्राम पंचायत सराय लाल खातून उर्फ शिवगढ़ में केंद्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ मनरेगा राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन आदि योजनाओं के अंतर्गत शौचालय मरम्मत/निर्माण, नाली मरम्मत/निर्माण, खड़ंजा निर्माण/मरम्मत, कूप मरम्मत /जीर्णोद्धार, इंडिया मार्क हैंडपंप मरम्मत/रिबोर कार्य व प्लेटफार्म निर्माण, चरही निर्माण, पशु शेड निर्माण, भूसा शेड निर्माण, औषधि साक, फूल पौधों का उत्पादन, मेड़बंदी व जमीन समतलीकरण, स्कूल बाउंड्री मरम्मत निर्माण कार्य, सोख्ता गड्ढा निर्माण, सोलर लाइट/स्ट्रीट लाइट, पंचायत भवन मरम्मत/ निर्माण कार्य, स्कूल के पेयजल संयोजन व्यवस्था, वृहद वृक्षारोपण कार्य, इंटरलॉकिंग कार्य/मरम्मत एमडीएम सेट निर्माण कार्य, स्कूल मरम्मत, ह्यूम पाइप, एगल गडारी सेट, वर्मी कंपोस्ट खाद, गड्ढा प्रशासनिक व्यय आंगनबाड़ी निर्माण, सफाई के कीट, साइन बोर्ड, पंचायत भवन सामग्री, कूड़ा दान, सॉलिड मैनेजमेंट हेतु कार्य आदि कार्यों हेतु सीमेंट, सरिया बालू, पत्थर, गिट्टी, इंटरलॉकिंग ईट, लोकल बालू कोरसेएंड, लाइन सेट, पटरा बल्ली आदि हेतु पंजीकृत फर्मों द्वारा दिनांक 04.08.2022 से 07.08.2022 तक मोहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है । जो दिनांक 08.08.2022 को 4.00 बजे अपराहन उपस्थित फर्मों के समक्ष ग्राम पंचायत सराय लाल खातून उर्फ शिवगढ़ के कार्यालय में खोली जाएगी। निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निहित होगा । सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा । निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2022-23के अंतर्गत कराया जाने वाले कार्य हेतु प्रभावी होगा । उपरोक्त समस्त सामग्री की सप्लाई वर्कवार प्रति यूनिट की दर से होगा जो एस्टीमेट के अनुसार होगी।

(संजय यादव)
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सराय लाल
खातून उर्फ शिवगढ़ वि0खं0
सोरांव, प्रयागराज

(नरेंद्र सिंह)
ग्रा0 पं0/ ग्रा0 वि0अधिकारी
ग्राम पंचायत सराय लाल खातून
उर्फ शिवगढ़
वि 0 खं0 सोरांव, प्रयागराज

पत्रांक : मेमो/कोटेशन /ग्राम पंचायत /टेंडर


# जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त डीडीओ के साथ की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**जिलाधिकारी ने राज्य कर विभाग में अभी तक पंजीयन नहीं कराने वाले डीडीओ को दो दिन के अंदर पंजीयन कराने के दिए निर्देश**




**प्रयागराज।** जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में जनपद के समस्त डीडीओ के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में राज्य कर विभाग के उपायुक्त(प्रशासन) राज्य कर व नोडल अधिकारी श्री अरूण कुमार गौतम ने पीपीटी के माध्यम से उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम की धारा-51 में उल्लिखित टीडीएस के प्राविधानों से परिचित कराते हुए बताया कि ऐसी प्रत्येक कर योग्य संविदा जिसका मूल्य 2.5 लाख से अधिक हो, संविदी को भुगतान करते समय 02 प्रतिशत की टीडीएस राशि की कटौती करना अनिवार्य है। उक्त कटौती के पूर्व प्रत्येक डीडीओ का राज्य कर विभाग में टैन के आधार पर पंजीयन प्राप्त करना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक डीडीओ जो अभी तक राज्य कर विभाग में पंजीकृत नहीं है, दो दिन के अंदर पंजीयन प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त श्री मनोज कुमार त्रिपाठी द्वारा इस संबंध में विभिन्न शंकाओं का समाधान करते हुये बताया कि यदि कोई टी0डी0एस0 कटौती हेतु उत्तरदायी डी0डी0ओ0 पंजीकृत नहीं है व निर्धारित टी0डी0एस0 राशि की कटौती कर निदेर्शानुसार नियत अवधि में जमा नहीं करता है तो उस पर अधिनियम की धारा-122 के अंतर्गत अर्थदण्ड आरोपित हो सकता है। बैठक में अपर आयुक्त ग्रेड-2, राज्य कर प्रयागराज श्री यहिआ अन्सारी, संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) राज्य कर प्रयागराज श्री बालकृष्ण सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बतख कारोबारी की दबंगों ने पीट-पीटकर की हत्या

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** क्षेत्र के टुडीहार (ताल तलैया) में बतख कारोबारी की दबंगो ने पीटकर हत्या कर दिया। जबकि उसकी पत्नी पर भी अनगिनत वार कर बुरी तरह घायल कर दिया। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घायल महिला को नाजुक हालत में इलाज हेतु अस्पताल में दाखिल कराया है। घटना में संदिग्ध कई लोगों को उठाकर पुलिस पूछताछ कर रही है।घुरपुर थाना क्षेत्र के उमरी निवासी सोहन लाल (65)स्व. गुलाब सोनकर अपनी पत्नी चिंता देवी (59) के साथ मेजा के टुडीहार (ताल तलैया) में अस्थाई झोपड़ी बनाकर बतख का कारोबार करते थे। रोजाना की तरह वह मंगलवार की रात भोजन करके बाहर सो रहे थे। इस दौरान लोहे की रॉड से पीटकर उनकी हत्या कर दी गई। जबकि बीच बचाव में पहुचीं पत्नी पर भी बदमाशों ने कई वार कर बुरी तरह घायल कर दिया। घटना के बाद बदमाश फरार हो गए। वहीं घायल मृतक की पत्नी किसी तरह बदमाशों के चंगुल से निकल कर प्रयागराज मिजार्पुर हाइवे पहुचीं। पत्नी ने किसी राहगीर से मेजा पुलिस को सूचना दी। वहीं सूचना पर मेजा प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र सिंह भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुचें। जहां घायल महिला को नाजुक दशा में अस्पताल भेजते हुए पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। वहीं मृतक के जीजा अशोक कुमार निवासी डीहा ने वार्ता के दौरान बताया कि मंगलवार की शाम मृतक बतख चराने गए थे। जहां कुछ स्थानीय लोग जबरन बतख ले जाने लगे। उन्होंने बतख नहीं दिया तो विवाद हो गया। इसके बाद रात को हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि मृतक उमरी गांव के तीन बार प्रधान रह चुके थे। इस बार वह 9 मतों से पराजित हुए थे। मेजा प्रभारी निरीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया है कि संदिग्ध में कई लोगों को पूछताछ हेतु उठाया गया है। मुख्य एवम नामित आरोपी अभी भी फरार चल रहा है। जल्द ही गिरफ्तार कर मामले का पदार्फाश कर दिया जाएगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत उसरही वि0 खं0 सोरांव, प्रयागराज

(अल्पकालीन निविदा सूचना)

ग्राम पंचायत उसरही में केंद्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ मनरेगा राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन आदि योजनाओं के अंतर्गत शौचालय मरम्मत/निर्माण, नाली मरम्मत/निर्माण, खड़ंजा निर्माण/मरम्मत, कूप मरम्मत /जीर्णोद्धार, इंडिया मार्क हैंडपंप मरम्मत/रिबोर कार्य व प्लेटफार्म निर्माण, चरही निर्माण, पशु शेड निर्माण, भूसा शेड निर्माण , औषधि साक, फूल पौधों का उत्पादन, मेड़बंदी व जमीन समतलीकरण, स्कूल बाउंड्री मरम्मत निर्माण कार्य, सोख्ता गड्ढा निर्माण, सोलर लाइट/स्ट्रीट लाइट, पंचायत भवन मरम्मत/ निर्माण कार्य, स्कूल के पेयजल संयोजन व्यवस्था, वृहद वृक्षारोपण कार्य, इंटरलॉकिंग कार्य/मरम्मत एमडीएम सेट निर्माण कार्य, स्कूल मरम्मत, ह्यूम पाइप, एगल गडारी सेट, वर्मी कंपोस्ट खाद, गड्ढा प्रशासनिक व्यय आंगनबाड़ी निर्माण, सफाई के कीट, साइन बोर्ड, पंचायत भवन सामग्री, कूड़ा दान, सॉलिड मैनेजमेंट हेतु कार्य आदि कार्यों हेतु सीमेंट, सरिया बालू, पत्थर, गिट्टी, इंटरलॉकिंग ईट, लोकल बालू कोरसेएंड, लाइन सेट, पटरा बल्ली आदि हेतु पंजीकृत फर्मों द्वारा दिनांक 04.08.2022 से 07.08.2022 तक मोहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है । जो दिनांक 08.08.2022 को 4.00 बजे अपराहन उपस्थित फर्मों के समक्ष ग्राम पंचायत उसरही के कार्यालय में खोली जाएगी । निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निहित होगा । सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा । निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2022-23के अंतर्गत कराया जाने वाले कार्य हेतु प्रभावी होगा । उपरोक्त समस्त सामग्री की सप्लाई वर्कवार प्रति यूनिट की दर से होगा जो एस्टीमेट के अनुसार होगी।

(सीता देवी)
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत उसरही
वि 0 खं0 सोरांव,प्रयागराज

(नरेंद्र सिंह)
ग्रा0 पं0/ ग्रा0 वि0अधिकारी
ग्राम पंचायत उसरही
वि 0 खं0 सोरांव,प्रयागराज

पत्रांक : मेमो/कोटेशन /ग्राम पंचायत /टेंडर


# कहां है मानवता ! बेटे के शव को कंधे पर लादकर 25 किलोमीटर पैदल चलकर घर पहुंचा पिता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। पैसे के अभाव में एंबुलेंस न मिलने पर एक पिता को अपने 14 साल के बेटे का शव कंधे पर लादकर 25 किलोमीटर दूर पैदल घर जाना पड़ा। यह दृश्य जिसने भी देखा उसका कलेजा दहल गया। बताया जाता है कि बेटे को करंट लग गया था। करंट लगने के बाद अचेतावस्था में माता पिता बेटे को लेकर एसआरएन अस्पताल पहुंचे थे। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वायरल खबर के अनुसार पिता के पास इतने पैसे नहीं थे जिससे वह प्राइवेट वाहन किराए पर लेकर घर जा सके। जो कुछ पैसे वह घर से लाया था वह बेटे के उपचार में खर्च हो गए थे। यह घटना स्वरूप रानी नेहरू हॉस्पिटल की बताई जा रही है। लाचार पिता बेटे के शव को कंधे पर लादकर करछना थाना क्षेत्र डीहा गांव तक गया। उसके पास इतने पैसे नहीं थे कि वह भाड़े पर प्राइवेट वाहन कर सके। बताया जाता है कि अस्पताल प्रशासन ने वाहन उपलब्ध कराने से मना कर दिया।। घटना का वीडियो भी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोग इसे लेकर अस्पताल प्रशासन की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। कहा तो यहां तक जा रहा है कि बेटे का शव कंधे पर लादकर घर जाते समय जब पिता थक जाता था तो मां अपने कलेजे के टुकड़े को कंधे पर लादकर चलती थी। इसी तरह वह अपने घर करछना थाना क्षेत्र के डीहा गांव पहुंचे। इस संबंध में अस्पताल के अधिकारी फिलहाल कुछ भी बोलने से इनकार कर रहे हैं। घटना का वीडियो उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने ट्विटर अकाउंट पर भी शेयर किया है। कैप्शन लिखा है न सुविधाएं न इलाज है, यही भाजपा 2.0 का राज है।

# सिरसा में ताज़िए की मिट्टी को लेकर आपसी सौहार्द करने की कोशिश

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा रोड।** नगर पंचायत सिरसा में ताज़िए के मिटटी व फूल दफन को लेकर रास्ते का विवाद सामने आया है जिसमें कुछ अराजक तत्व लोग आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश में लगे हुए हैं। बता दें कि नगर पंचायत सिरसा में लगभग 70 से 80 सालों से ताज़िए के रास्ते मिटटी व फूल दफन का विवाद चला रहा है। वहीं नगर पंचायत सिरसा वासियों का आरोप है कि आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश में कुछ लोग राजनीति रोटियां सेक रहे हैं। मंगलवार शाम को एसडीएम व क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में दोनों समुदाय के लोगों के साथ बैठक हुई थी लेकिन बात नहीं बनी। जिसमें एसडीएम व क्षेत्राधिकारी ने दोनों समुदायों के लोगों के साथ रास्ते का भौतिक निरीक्षण किया लेकिन बात नहीं बनी। मामला बिगड़ता देख बुधवार को एक बार फिर सुबह 11 बजे सिरसा के शिव गंगा वाटिका में एडीएम प्रशासन, एसपी यमुनापार उप जिलाधिकारी मेजा तथा दोनों समुदाय के लोगों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें हजारों की संख्या में दोनों समुदाय के लोग उपस्थित रहे। दोनों समुदाय से वार्ता होती रही लेकिन बात नहीं बनी नाराज व्यापारियों ने समूचे बाजार की दुकानों को बंद करके अपना विरोध दर्ज कराया। वहीं एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित ने दोनों समुदाय को आश्वासन देते हुए कहा पूर्व में निर्धारित रास्ते पर ही ताजिया की मिट्टी व फूल को दफन करने की इजाजत दी है। अन्य कोई रास्ते का अख्तियार ना करें नहीं तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामला दो समुदाय से जुड़ा होने के चलते स्थिति तनावपूर्ण है।


## कार्यालय, नगर पालिका परिषद मंझनपुर, जनपद कौशाम्बी

ई–निविदा सूचना

स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के अन्तर्गत आने वाले किसी भी शासकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म को सूचित किया जाता है कि 15वां वित्त आयोग निर्दिष्ट/बुनियादी एवं अवस्थापना निधि में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष शासन/जिलाधिकारी महोदय, कौशाम्बी के अध्यक्षता वाली समिति द्वारा स्वीकृत कार्यों हेतु ऑनलाइन ई–निविदा निम्न कार्यक्रम के अनुसार आमंत्रित किया जाता है:–

| क्र. सं. | निविदा का विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा वेबसाइट पर निविदा आमंत्रित की तिथि/समय | 05.08.2022 | अपरान्ह 02.00 बजे से |
| 2. | ई–निविदा अपलोड किय जाने की प्रारम्भ तिथि/समय | 05.08.2022 | अपरान्ह 02.00 बजे से |
| 3. | ई–निविदा अपलोड किय जाने अंतिम तिथि/समय | 25.08.2022 | अपरान्ह 02.00 बजे से |
| 4. | ई–निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र जमा करने की तिथि/समय | 26.08.2022 | अपरान्ह 02.00 बजे से |
| 5. | ई–निविदा तकनीकी बिड खोले जाने की तिथि/समय | 26.08.2022 | अपरान्ह 02.00 बजे से |
| 6. | ई–निविदा वित्तीय बिड खोले जाने की तिथि/समय | 27.08.2022 | अपरान्ह 02.00 बजे से |

उपरोक्त ई–निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.inतथा www. nppmanjhanpur.in से डाउनलोड कर अथवा नगर पालिका परिषद, मंझनपुर के कार्याल्य से सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

(ओम प्रकाश पटेल)
अवर अभियन्ता (सिविल)
न. पा. परि. मंझनपुर, कौशाम्बी

(सुनील कुमार मिश्र)
अधिशासी अधिकारी
न. पा. परि. मंझनपुर, कौशाम्बी

(प्रखर उत्तम)
प्रशासक
न. पा. परि. मंझनपुर, कौशाम्बी


# उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को बड़ा झटका, हाईकोर्ट ने रद्द किया प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम

**प्रयागराज।** पीसीएस भर्ती परीक्षा को लेकर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को बड़ा झटका लगा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीसीएस–2021 प्रारंभिक परीक्षा के पूर्व में जारी परिणाम को रद्द करते हुए पूर्व सैनिकों को पांच फीसदी आरक्षण का लाभ देकर संशोधित परिणाम जारी करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने इसके लिए एक महीने का समय दिया है। कोर्ट ने कहा है कि प्रारंभिक परीक्षा का संशोधित परिणाम जारी होने के बाद मुख्य परीक्षा कराई जाए, उसके बाद साक्षात्कार का आयोजन किया जाए । कोर्ट ने पूर्व सैनिकों को पांच फीसदी का आरक्षण का लाभ देने पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से जारी पीसीएस–2021 प्रारंभिक परीक्षा परिणाम को विकृत करार देते हुए रद्द किया है। कोर्ट के इस आदेश से भर्ती परीक्षा के चल रहे साक्षात्कार पर भी असर पड़ेगा। याचियों के अधिवक्ता एबीएन त्रिपाठी की ओर से कोर्ट के समक्ष यह तर्क प्रस्तुत किया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने 10 मार्च 2021 अपने गजट नोटिफिकेशन में यूपी लोक सेवा, शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता सेनानियों और पूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए आरक्षण संशोधन अधिनियम 2021 के तहत सभी ग्रुप की नौकरियों में भर्ती के लिए पूर्व सैनिकों को पांच फीसदी आरक्षण देने की व्यवस्था बनाई है।इसे आयोग की ओर से निकाली गई भर्ती प्रक्रिया से पहले ही जारी कर दिया गया था लेकिन आयोग ने इस प्रावधान को लागू नहीं किया और पूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को बिना आरक्षण दिए ही प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। आयोग का यह कदम अवैध और मनमाना है। इसे रद्द किया जाना चाहिए।

# बुरी आदतों से बचना चाहिए : प्रो सत्यदेव

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** नशा मुक्ति अभियान' के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा एक जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। यह आयोजन हिन्दी विभाग में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना इलाहाबाद विश्वविद्यालय की इकाई 8 के समस्त विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की।इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अपनी बात रखते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय के गणित विभाग के प्रोफेसर सत्यदेव जी ने कहा कि नशा नाश का कारण है।हमें बुरी आदतों से बचना चाहिए। हमें सजग और जागरूक होने की आवश्यकता है। बुरी आदतों में फंसकर जिंदगी तबाह हो जाती हैं। नशा जरूरी नहीं है। किताब जरूरी है। किताबें ही हमें नशा मुक्त बना सकती हैं। हमें जागरूक बनने की आवश्यकता है। छात्रों को संबोधित करते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव श्री अमित त्रिपाठी जी ने कहा कि यदि हम अपने को बुरी आदतों से नहीं बचा सकते तो समाज को कैसे बचायेंगे। यदि हम नशा करेंगे तो न तो हमें सम्मान मिलेगा और न ही हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगें। हमें अपने आदर्श खुद बनाने होंगे। अपनी बात रखते हुए लीगल आफीसर श्री पीयूष मिश्रा जी ने कहा कि भारत के अनेक राज्यों में शराबबंदी है। लेकिन क्या केवल कानून से ही बदलाव संभव है। हमें नशे की आदत से बचकर देश हित में कार्य करना चाहिए। अपने आप को नशे के दलदल से बचाने की आज अत्यन्त आवश्यकता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता इलाहाबाद विश्व विद्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. राजेश कुमार गर्ग ने की। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिव कुमार यादव जी ने किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने नशा मुक्ति हेतु शपथ भी ग्रहण की।


## कम्पोजिट विद्यालय मुबारकपुर उपरहार वि0ख0 कौड़िहार प्रथम , प्रयागराज

(जर्जर भवन नीलामी सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कम्पोजिट विद्यालय मुबारकपुर उपरहार वि0ख0 कौड़िहार प्रथम, जिला प्रयागराज परिसर में स्थित चिन्हित जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 13.08.2022 दिन शनिवार को समय पूर्वाहन 11:30 बजे सुनिश्चित की गई है। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित समय पर नीलामी में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

इ. प्रधानाध्यापक
कम्पोजिट विद्यालय
मुबारकपुर उपरहार वि0ख0
कौड़िहार प्रथम , प्रयागराज।

# कुंडा तहसील में धरना पर बैठे भदरी नरेश राजा उदय प्रताप सिंह

## तहसील प्रशासन में मचा हड़कम्प

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुंडा के भदरी नरेश राजा उदय प्रताप सिंह बुधवार को कुंडा तहसील में अपने समथकों के साथ अचानक धरना पर बैठ गये जिसकी जानकारी मिलते ही तहसील प्रशासन में हड़कम मच गया और अधिकारियों के हाथ पैर फूल गए।

धरना स्थल पर बड़े महाराज से वातार्लाब करने के लिए कुंडा एसडीएम सतीशचन्द्र त्रिपाठी सीओ अजीत सिंह पँहुचे जहाँ भदरी नरेश राजा उदय प्रताप सिंह ने शेखपुर आशिक गाँव में सड़क के आर पार मस्जिदनुमा गेट को एक समुदाय के विशेष वर्ग के लोगो ने खड़ा कर देने की बात कही जो हिदुओ की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुचाता है जिसके नीचे से हिन्दूओ को मजबूर होकर आने जाने को बाध्य होना पड़ता है। भदरी नरेश के धरने पर बैठने से अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया।




कुण्डा तहसील में धरना पर बैठे राजा उदय प्रताप सिंह।

दो दिन पूर्व राजा उदय प्रताप सिंह ने ट्वीट कर मस्जिदनुमा गेट का विरोध किया और मुख्यमंत्री से गेट हटाने की मांग की थी जिस पर सड़क के आर पार गेट के न हटाये जाने से समर्थकों के साथ धरना पर बैठ गये और गेट के न हटाये जाने तक धरना पर बैठे रहने की बात कही जिस पर प्रशासन ने अभी तक गेट को हटाने के लिए कोई कार्रवाई नही किया और न ही लोक निर्माण विभाग द्वारा अवैध तरीके से खड़ा किये गए मस्जिदनुमा गेट को हटाने की कार्रवाई किया, जिससे प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है जिले के आला अफसर भी के साथ एसडीएम व सीओ कुंडा मान मनौव्वल में लगे हुए है। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक भी पहुँचे।

## उत्पीड़न को लेकर व्यापारियों ने उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उत्पीड़न से नाराज व्यापारियों ने बुधवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। स्थानीय पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष शत्रुध्न शुक्ल की अगुवाई में व्यापारियों का हुजूम पहुँच कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि टैक्स चुकाने के बाद भी खाद्य सामग्री बेचने पर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। व्यापारी इस तरह का उत्पीडन बर्दाश्त नही करेगा। प्रशासन द्वारा न्योचित कार्यवाही न हुई तो व्यापार मण्डल आंदोलन के लिए बाध्य होगा। एसडीएम ने व्यापारियों को जांच का आश्वासन देकर शांत कराया। इस मौके पर जय कौशल, झुन्ना तिवारी, मंटू पाण्डेय, मिथलेश जायसवाल, डीपी सिंह ,दिनेश जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन योजना के तहत समूह की महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर विकासखण्ड परिसर स्थित सभागार में बुधवार को आरना फाउण्डेशन के तत्वाधान में जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्राम पंचायत के समूहों की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पर्यावरण सेना के अजय क्रांतिकारी ने कहा कि भूगर्भ जल का संचयन करके ही पर्यावरण व भूमि जल का संरक्षण किया जा सकता है।

उन्होनें कहा कि सरकार का प्रयास है कि जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होनें दूषित जल के सेवन से होने वाली बीमारियों को लेकर भी समूह की महिलाओं को जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान ग्राम पंचायत के समूहों की पांच महिलाओं को जल की गुणवत्ता परखने के लिए किट भी वितरित की गयी। इस मौके पर नोडल अधिकारी अरविंद सिंह, सत्येंद्र तिवारी, रमेश सिंह, प्रवीण सिंह, सचिन पाण्डेय, नीरज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## एंबुलेंस में गूंजी किलकारी, जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ्य

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाकांकर के अंतर्गत भध्दिव गांव में मगलवार को रीता देवी पत्नी अजय कुमार (20) वर्षीय को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई तभी गाँव की आशा गीता देवी ने लगभग 5 बजे शाम को एम्बुलेंस 102 को फोन किया। मौके पर पहुँची एम्बुलेंस गांव पहुंची और रीता देवी को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामगढ़ के लिए रवाना हुई। रास्ते में रीता देवी को प्रसव पीड़ा असहनीय हुई तो इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन विनय कुमार ने पायलट राम प्रसाद की मदद से एंबुलेंस को खड़ी करके सुरक्षित प्रसव कराया। प्रसव कराने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामगढ़ भर्ती कराया, जहां पर जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। रीता के परिजनों ने जच्चा बच्चा दोनो स्वस्थ्य होने पर एंबुलेंस टीम को धन्यवाद दिया।

# पं0 मुनीश्वरदत्त का व्यक्तित्व सदैव रहेगा प्रेरणादायकः श्याम किशोर

## कजरी सोहर गाकर छात्राओं ने पं.जी के जन्मदिन की मनाई खुशियां




पं0 मुनीश्वरदत्त के चित्र पर माल्यार्पण करते पं0 श्याम किशोर शुक्ल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लौह पुरुष, शिक्षा जगत के मालवीय स्व0 पं0 मुनीश्वरदत्त उपाध्याय का जन्मदिन सद्धावना समारोह के रुप में लोकमान्य तिलक इंटर कालेज के सभागार में मनाया गया। सर्वप्रथम पं0 जी के चित्र पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं0 श्याम किशोर शुक्ल, विद्यालय के अध्यक्ष डा0 प्रशांत देव शुक्ल एवं पं0 श्याम शंकर मिश्र ऐलाही ने माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। कार्यक्रम का संचालन डा0 श्याम शंकर शुक्ल श्याम ने किया। स्कूल की छात्राओं ने कजरी और सोहर गाकर पं0 जी के जन्मदिन की खुशियां मनाई।

विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं0 श्याम किशोर शुक्ल व डा0 प्रशांत देव शुक्ल को प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार तिवारी ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। छात्राओं द्वारा सुंदर प्रस्तुति के साथ स्वागत गीत के माध्यम से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि पं0 श्याम किषोर शुक्ल ने पं0 मुनीष्वरदत्त उपाध्याय को स्मरण करते हुए कहा कि पंडित जी एक महान पुरुष थे। उनका कालजयी व्यक्तित्व सदैव अमर रहेगा। अध्यक्षता कर रहे डा0 प्रषांत देव शुक्ल ने कहा कि उनका व्यक्तित्व सागर की तरह विषाल एवं गौरवषाली था। उनके विचार शिक्षा जगत में एक क्रांतिकारी परिवर्तन एवं विकास का पर्याय बनकर आज भी पूरे जनपद के कोने-कोने में व्याप्त है।

इस मौके पर पूर्व प्राचार्य श्याम शंकर मिश्र, पं0 विधि देव शुक्ल, कपिल द्विवेदी, पीसीसी इरफान अली, पीसीसी विजय शंकर त्रिपाठी, नरसिंह प्रकाश मिश्र, पं0 राम विभूति मिश्र, यमुना प्रसाद पाण्डेय, मनोराम मिश्र, एपी त्रिपाठी, पं0 शिवमूर्ति त्रिपाठी, अमरनाथ त्रिपाठी, मानिकचंद मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र, ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ल मौजूद रहे। आभार विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता ओम शंकर मिश्र ने किया।

## धूमधाम से मनाई गई पंडित मुनीश्वरदत्त की जयंती

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बुधवार को पट्टी नगर स्थित स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रांगण में कई विद्यालयों के संस्थापक पूर्व स्वतंत्रता सेनानी पंडित मुनीश्वर दत्त की जयंती धूमधाम से मनाई गई जिसमें महाविद्यालय के छात्र छात्राओं सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे समाजशास्त्र के पूर्व विभागाध्यक्ष शंकर दत्त शुक्ला ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित जी का त्याग और बलिदान देशसेवा की उनकी प्रबल भावना और राष्ट्रहित तथा समाज हित में खुद को न्योछावर करने के मजबूत जज्बे से ही वह आज हमारे बीच में जीवित हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य अखिलेश कुमार पांडे ने कहा की उनकी काबिलियत के कारण ही उन्हें संविधान निर्मात्री सभा का सदस्य बनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सूचना अधिकारी बिरेंद्र कुमार मिश्र मिथिलेश कुमार त्रिपाठी तथा अनिल यादव आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के अध्यापक शिव शंकर पांडे ने किया कार्यक्रम में महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र छात्रा तथा पट्टी नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में अखिलेश कुमार पांडे ने सभी लोगों को धन्यवाद दिया।




महाविद्यालय में आयोजित समारोह में मौजूद अतिथिगण।

## पं0 मुनीष्वरदत्त की कार्यशैली सदैव रहेगी प्रासंगिकः प्राचार्य

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। एमडीपीजी कॉलेज में महाविद्यालय के संस्थापक पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय का जन्मदिवस, समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने पंडित जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने कहा कि पंडित जी का अनुशासन, दृढ़ इच्छाशक्ति एवं उनकी कार्यशैली सदैव प्रासंगिक रहेगी। वे न रहते हुए भी हम सब के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो पारसनाथ पांडे एवं डॉ सूर्य प्रकाश त्रिपाठी ने पंडित जी के अनेकों संस्मरण सुनाये। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रमन मिश्र, मंत्री आनंद पांडे आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन संयोजक प्रो पीयूषकांत शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रो सुधांशु त्रिपाठी, प्रो अरुण कुमार तिवारी, प्रो अरविंद मिश्र, प्रो किरण मिश्रा, डॉ सी एन पांडे, डॉ मुक्ता वर्मा डॉ ऊषा तिवारी, डॉ ऊषा दुबे सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




समारोह मे बोलते एमडीपीजी कालेज के प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र।

# 24 घण्टे बाद गंगा में उतराता मिला छात्र मिथलेश का शव, घर में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** कहते है कि मां बाप के लिए अपने औलाद की ज्यादा तड़प होती है जिस औलाद को पाल पोश कर बड़ा किया वही औलाद गंगा की गोद मे समा गया मां बाप की तड़प देख गंगा मईया ने 24 घण्टे में लड़के का शव नीचे से ऊपर लाकर दिखा दिया जिसकी लोग उम्मीद छोड़ दिये थे।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गुलरहीबाग (समसेर का पुरवा) आलापुर निवासी मिथलेश उर्फ कुन्नु पुत्र छोटेलाल गोस्वामी (18) वर्षीय का घटना के 24 घण्टे बीत जाने के बाद बुधवार की सुबह लगभग सात बजे नवाबगज सोनामऊ गंगाघाट पर डूबे हुये जगह पर शव उतराता हुआ मिलने से गंगा नहा रहे श्रद्धालुओ में हड़कम्प मच गया सभी जोर से चिल्लाने लगे कि मिथलेश का शव बह रहा है। हालांकि मौके पर एसडीआरएस प्रयागराज की 10 सदस्यी टीम व नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार दल बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। मिथलेश का शव पानी मे उतराता देख एसडीआरएस की टीम ने लोगों को आश्वासन दिया कि शव को बहने दो हम जाकर ला रहे है। टीम ने आनन फानन में अपने स्टीमर में हवा भरा और अपने साथ परिजन को लेकर सवार हो गए जो थोड़ी दूर पर पीरानगर गाव के सामने शव को पानी से बाहर निकाला जिसकी पहचान परिजनों ने मिथलेश के रूप में किया। शव को टीम ने स्ट्रेचर पर रखकर वापस अपनी जगह ले आई जहाँ मौजूद थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने लिखा पढ़ी करके शव को पीएम के लिए भेजा उधर शव मिलने की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया ।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक पर परियावां कालाकांकर रेलवे स्टेशन के पश्चिम छोर पर 37 सी रेलवे फाटक छिनौरा गांव के सामने बुधवार की सुबह ट्रेन से कटे युवक का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुँची नवाबगज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा, जिसकी शिनाख्त हो गयी।

बताया जाता है कि थाना ऊँचाहार के अकोढिया सलीमपुर गाँव निवासी अजेंद्र तिवारी उर्फ अर्जुन पुत्र राजेन्द्र तिवारी (35) वर्षीय मंगलवार को अपनी ससुराल थाना क्षेत्र के शिव बख़्श का पुरवा पत्नी से मिलने आया था, जिसका शव बुधवार की सुबह छिनौरा गाव के सामने 37 सी रेलवे ट्रैक पर मिला जिसकी सूचना बुधवार की सुबह 5 बजकर 40 मिनट पर बनारस से ऊँचाहार एनटीपीसी कोयला लेकर जा रही मालगाड़ी के ड्राइवर ने परियावां स्टेशन मास्टर चेतन शुक्ला को दी। पुलिस ने शव की लिखा पढी करके पोस्टमार्टम को भेजा उधर मृतक अर्जुन तिवारी के घर व ससुराल में कोहराम मचा हुआ है। सभी यही कह रहे है आखिर ऐसी क्या वजह हो गई जो अर्जुन ने इतना घातक कदम उठा लिया। घटना को लेकर तरह तरह की चर्चा हो रही है ।बहरहाल मामला जो भी यह तो परिजन व ससुराल वाले ही बता सकते है। मौके पर एस आई बलवन्त सिंह ने शव की लिखा पढ़ी करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस बाबत पूछे जाने पर थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि मृतक के पिता राजेन्द्र तिवारी के मुताबिक अजेंद्र उर्फ अर्जुन कुछ नशे का आदी था जो पैदल रेलवे लाइन पकड़कर अपनी ससुराल शिव बख्श का पुरवा जा रहा था जिसकी किसी ट्रेंन की चपेट में आकर मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## उप चुनाव को लेकर कड़ी सुरक्षा में रवाना हुई पोलिंग पार्टियां

**लालगंज, प्रतापगढ़।** त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनाव के लिए पुलिस की कडी सुरक्षा के बीच पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। लक्ष्मणपुर विकासखण्ड के अर्न्तगत ग्राम पंचायत देवली में प्रधान, खरगपुर व कटवढ़ में बीडीसी पद के लिए गुरूवार को उप चुनाव होना है। इसके लिए लक्ष्मणपुर विकासखण्ड से बुधवार को पोलिंग पार्टियां रवाना की गयी। लालगंज कोतवाल कमलेश पाल की मौजूदगी में देवली के लिए पांच सदस्यीय व खरगपुर तथा कटवढ के लिए तीन सदस्यीय मतदान कार्मिकों की पार्टी अलग अलग वाहनो से रवाना की गयी। पोलिंग पार्टियों के साथ पुलिस की टीमें भी सकुशल चुनाव सम्पन्न कराने के लिए भेजी गयी हैं।

## चोरी की मोटर साइकिल के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जनपद के थाना महेशगंज के निरीक्षक निरीक्षक महेन्द्र सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के झींगुर तिराहा के पास से दो व्यक्तियों चांद मोहम्मद व राहुल उर्फ पुत्तल को चोरी की एक अदद टी0वी0एस0 स्पोर्ट मोटर साइकिल जिस पर गलत नम्बर अंकित है, के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बरामद मोटर साइकिल के संबंध में बताया कि यह मोटर साइकिल उनके द्वारा एक माह पूर्व राजापुर बाजार से चोरी की गई थी व पकड़े न जाए इसलिए इस पर गलत नम्बर प्लेट लगाकर चला रहे थे। इस संबंध में थाना महेशगंज पर मु0अ0सं0 199/2022 धारा 411, 420, 467, 468, 471 भादंवि का अभियोग पंजीकृत किया गया।

# गोशाला में बायोगैस से बिजली बनाने की व्यवस्था देखकर खुश हुए विशेष सचिव

## वर्मी कम्पोस्ट के बारे में अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह से ली जानकारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश शासन के पषुपालन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बुधवार को बराछा स्थित नगर पालिका की गोशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया, जिससे वहां पर बायो गैस से बिजली बनाने की व्यवस्था को देखकर आश्चर्यचकित रह गये और कहा कि नगर पालिका यहां शहर में अच्छी गोशाला चला रही है जिसमें 204 पषुओं के खाने-पीने की व्यवस्था देखकर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए वर्मी कम्पोस्ट के बारे में नगर पालिका के अधिषाशी अधिकारी मुदित सिंह से जानकारी ली।

विशेष सचिव ने एसडीएम सदर से गोशाला के बगल खेत की व्यवस्था करने को कहा जिसमें गोबर की खाद का प्रयोग कर हरा चारा पैदा किया जा सके। वैसे गोषाला में हरा चारा काटने की मशीन की व्यवस्था को भी उन्होंने बारीकी से देखा। लगभग आधे घंटे के निरीक्षण में विशेष सचिव ने कहा कि जो गाय बच्चा पैदा की हैं, उन्हें गो सुपुर्दगी में दिया जा सकता है। निरीक्षण में एसडीएम सदर, जिला पशुधन अधिकारी, नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, गोषाला प्रभारी मिथिलेश सिंह भी मौजूद रहे। विशेष सचिव के आकस्मिक निरीक्षण में सब कुछ अच्छा रहने पर गोशाला व्यवस्था में लगे लोगों ने राहत की सांस ली।



गोशाला का निरीक्षण करते विशेष सचिव देवेन्द्र कुमार पाण्डेय।

# ब्रेक फेल होने से ई रिक्शा पलटा, दो महिला घायल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बुधवार की सुबह 10 बजे आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के आमापुर गांव निवासी मीरा मिश्रा 40 वर्ष पत्नी मातादीन मिश्रा तथा कुसुम मिश्रा 55 वर्ष पत्नी घनश्याम मिश्रा घर की चार अन्य लोगों के साथ ई रिक्शा से बाबा बेलखरनाथ धाम दर्शन पूजन करने आ रही थी तभी बेलखरनाथ धाम टीले पर चढ़ाई के दौरान ई रिक्शा का ब्रेक फेल हो गया और ई रिक्शा पीछे आकर पलट गया जिसमें दोनों महिलाएं घायल हो गई शेष चार अन्य महिलाएं सुरक्षित बच गई। आसपास के लोग पहुंच कर ई रिक्शा उठाकर दोनों महिलाओं को बाहर निकाला गया इलाज के लिए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा घटना की जानकारी परिजनों को दी गई मीरा मिश्रा को गंभीर चोटें आई हैं। दोनों घायल महिलाओं का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबा बेलखरनाथ धाम में चल रहा है। घायल महिलाओं के परिजनों की सूचना पुलिस द्वारा दी गई परिजन सीएचसी पहुंचकर राहत की सांस ली।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**प्रतापगढ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आगामी 05 अगस्त 2022 को मंहगाई, बेरोजगारी व भृष्टाचार के विरुद्ध कांग्रेस सड़कों पर प्रदर्शन करेगी। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता कपिल द्विवेदी ने दी है। श्री द्विवेदी ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों, पूर्व विधान सभा प्रत्याशिओं, सभी पी सी सी सदस्यों जिला/नगर कांग्रेस कमेटी पदाधिकारियों, सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से आग्रह किया है कि सभी साथी अधिक से अधिक संख्या में जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर दोपहर 12 बजे पहुँच कर कार्यक्रम में सहभागी हों।

# घर से शौच के लिए निकले युवक की लाश नाले में मिली

## पैर फिसलने से नाले में गिरा युवक, परिजनों में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शौच करने के लिए घर से निकले युवक की लाश घर से कुछ दूर पर स्थित नाले में मिली। चरवाहों ने उसकी लाश को नाले में देखा तो परिजनों को सूचित किया। परिजन मौके पर पहुंचे तो रोने-बिलखने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवाया और मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

पट्टी तहसील, कोतवाली अंतर्गत सराय छिवलहा मदनामऊ गांव का रहने वाला दयाराम हरिजन पुत्र स्वर्गीय राम आधार घर पर ही रहकर मेहनत मजदूरी तथा खेती-बाड़ी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। बुधवार की दोपहर लगभग 12 बजे वह घर से यह कह कर निकला कि शौच क्रिया के लिए जा रहा है ।लगभग 3 घंटे बीत जाने के बाद जब वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजन परेशान होकर उसे खोजने लगे। कुछ देर बाद चरवाहे भैंस चराने के लिए वहां से निकले तो दयाराम की लाश नाले में डूबी हुई दिखाई दी। उसका पैर दिखाई दे रहा था जिस पर चरवाहों ने शोर मचाया तो ग्रामीण इकट्ठा हो गए थोड़ी देर में दयाराम के पत्नी बसंती देवी तथा उनका बड़ा बेटा मनीष मौके पर पहुंचे। नाले से लाश को बाहर निकाला तो परिजन बिलखने लगे। ग्रामीणों ने डायल 112 पुलिस को फोन से सूचना दिया तो मौके पर पुलिस पहुंची और थोड़ी देर बाद पट्टी कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और लाश को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## पांच बच्चों का पिता था मृतक दयाराम

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मृतक दयाराम हरिजन 5 बच्चों का पिता था सबसे बड़ा बेटा मनीष तथा सबसे बड़ी बेटी मनीषा की शादी हो चुकी है, लेकिन तीन छोटे-छोटे मासूम बच्चे पिता के मौत के बाद रोते चिल्लाते और बिलखते हुए नजर आए वही मौके पर पहुंची पुलिस का मानना है कि युवक की पैर फिसलने से मौत हुई है युवक की किसी से कोई लड़ाई झगड़ा या दुश्मनी नहीं थी।

## खबर संक्षेप

### महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में किया गया जागरूक

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना मोहब्बतपुर पइंसा थाना मंझनपुर थाना करारी एंटी रोमियो पुलिस टीम द्वारा मेला परिसर में भ्रमण कर महिलाओं बालिकाओं को नारी सुरक्षा स्वावलंबन एवं नारी सम्मान की दिशा में चलाए जा रहे महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया।

### सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते चार अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कडाधाम पुलिस द्वारा चार अभियुक्तों दिनेश पुत्र स्व0 राम खेलावन जुबेर पुत्र फरीद खान शैलेन्द्र सिंह पुत्र टाइगर उर्फ परमेश्वर सिंह व जितेन्द्र सिंह पुत्र टाइगर उर्फ परमेश्वर सिंह निवासीगण अलीपुर जीता थाना कड़ाधाम को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पते व 2230 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 150 रुपए बरामद कर मुकदमा पंजीकृत कर दिया है।

# संदिग्ध दशा में पेड़ में फंदे से बंधी मिली युवक की लाश

## घटना को लेकर परिजनों ने जाहिर की हत्या की आशंका

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कोतवाली के ठीक सामने पेड़ से फंदे से बंधी एक युवक की लाश मिली है शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी मचा गयी है।मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजकर जांच में जुट गई है। आसपास के लोगों ने युवक की पहचान की है। मामले की सूचना परिजनों को को मिली तो घटनास्थल पर परिजन भी पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक शैलेश पटेल उम्र तकरीबन 22 वर्ष पुत्र मक्खन लाल निवासी चक सैनी गांव में टेंट हाउस का कार्य करता था बीती शाम को वह घर से गायब हुआ था बुधवार की सुबह सैनी कोतवाली के सामने सरकारी ट्यूबेल के पास पेड़ में बंधी युवक की लाश मिली है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक का पैर जमीन को छू रहा था परिजनों ने इस मामले में युवक की हत्या की आशंका जताई है वहीं पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार किसी भी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी।



पेड़ से बंधी युवक की लाश



लाश की जानकारी मिलने पर मौके पर लगी भीड़



रेल लाइन के पास पड़ा युवक का शव

## रेलवे ट्रैक पर फिर मिला अज्ञात युवक का शव

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू नगर पंचायत कांसीराम कालोनी के पूर्व तरफ दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर एक अज्ञात युवक के शव मिलने से सनसनी मच गयी युवक की उम्र लगभग 21 वर्ष बताई जा रही है सूचना पर पहुंची सिराथू चौकी पुलिस ने शिनाख्त का प्रयास किया किंतु खबर लिखे जाने तक शव शिनाख्त नही हो सकी है स्थानीय पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

## न्यूज झरोखा

### डीएम ने बच्चें को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर किया कार्यक्रम का शुभारम्भ



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने आज हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, अम्बावां पूरब में बच्चें को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर विटामिन-ए सम्पूरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 हिन्द प्रकाश मणि ने बताया कि विटामिन-ए सम्पूरण कार्यक्रम 03 अगस्त से 02 सितम्बर 2022 तक संचालित किया जायेंगा, जिसमें 09 माह से 05 वर्ष तक की आयु के बच्चों को वीएचएनडी सत्रों (बुधवार एवं शनिवार) में विटामित-ए की खुराक पिलाई जायेंगी उन्होंने बताया कि जनपद में 02 लाख 26 हजार 409 बच्चां को विटामिन-ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य है इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेंद्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### तीन वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में अलग अलग थानों की पुलिस बल द्वारा तीन वारंटी अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है जानकारी के मुताबिक थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त वसन्त पुत्र मिठाई लाल निवासी देवखरपुर थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त चन्द्रशेखर यादव पुत्र हीरा लाल यादव निवासी छोटा कादीपुर थाना पिपरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना चरवा पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त राजाराम पासी पुत्र स्व0 मुन्नीलाल निवासी बलिया थाना चरवा को गिरफ्तार करर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### आनॅलाइन आवेदन की बढ़ा दी गई अन्तिम तिथि

**कौशाम्बी।** प्रधानाचार्य आईटीआई केके राम ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि प्रदेश के राजकीय निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में माह अगस्त 2022 से प्रारम्भ प्रशिक्षण सत्र हेतु वेबसाइट पर आनॅलाइन आवेदन की सुविधा 31 जुलाई 2022 तक थी परन्तु अभ्यर्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए अब आनॅलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 04 अगस्त .2022 तक बढ़ा दी गयी है

### सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस ने की बैंको की चेकिंग

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में अलग अलग थानों थाना सैनी थाना महेवाघाट थाना मोहब्बतपुर पइंसा की पुलिस बल द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमण किया गया व पुलिस द्वारा अपने क्षेत्र में पड़ने वाले बैंक एटीएम जन सेवा केन्द्र के आस-पास सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान हेलमेट पहनने के निर्देश दिए गए तथा सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत बैंको में लगे सीसीटीवी सायरन व ड्यूटीरत कर्मियों को चेक करते हुये संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की चेकिंग की गयी।

### शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त ध्यान सिंह पुत्र भोला सिंह निवासी धतई का पुरवा मौजा कोर्रई थाना सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से 05 लीटर अवैध शराब व प्रेम पासी पुत्र कलेस्वर पासी निवासी अंबाईपुर थाना कड़ाधामको गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध बरामद होने पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# प्रेमिका से मिलने पहुंचे आशिक पर हुआ प्राणघातक हमला

अखंड भारत संदेश

**गंभीर हालत में आशिक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में किया गया भर्ती**

**भरवारी कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के रोही की एक युवती के पिता का एक नलकूप मुरादपुर गांव में खेत में लगा हुआ है इसी नलकूप में फरीदपुर साईगंज गांव का जितेंद्र सोनकर रह रहा है नलकूप में रहते रहते नलकूप मालिक की लड़की से उसकी आंखें चार हो गई और दोनों में प्यार परवान चढ़ने लगा जब इस बात की जानकारी परिजनों को हुई तो प्रेमी युगल अलग दुनिया बसाने के लिए गांव घर छोड़कर दूर निकल गए मामले की सूचना पुलिस को दी गई तमाम खोजबीन और प्रयास के बाद प्रेमी युगल बरामद हुए और वापस घर आ गए युवती के घर वापस आने के बाद उसके पिता ने उसकी शादी किसी अन्य युवक से कर दी जहां वह अपने ससुराल में पति के साथ रहने लगी युवती के ससुराल में बच्चे भी हो गए लेकिन नाग पंचमी के पर्व पर युवती अपने मायके लौट कर आई युवती के वापस आने पर उसका प्रेमी भी उससे मिलने पहुंच गया जहां प्रेमी से युवती को मिलते देख परिजन युवक से विवाद करने लगे जिस पर युवती के घरवालों ने युवती के जीवन से युवक को निकल जाने के लिए कहा लेकिन वह तैयार नहीं हुआ बात ज्यादा बढ़ जाने पर युवती के घरवालों ने मिलकर युवक को बेरहमी से मारपीट दिया है जिससे वह गंभीर तरीके से लहूलुहान हो गया है युवक के घायल होने की सूचना आसपास के लोगों ने भरवारी चौकी प्रभारी अभिलाष तिवारी को दी मामले की सूचना मिलते ही दल बल के साथ चौकी पुलिस फोर्स के साथ गांव पहुँची और घायल अवस्था में आशिक प्रेमी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है ग्रामीणों की माने तो आशिक प्रेमी की हालत काफी नाजुक है।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 19 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से पांच थाना करारी से एक थाना चरवा से चार थाना पिपरी से चार थाना कोखराज से एक थाना कड़ाधाम से चार कुल 19 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

### चेकिंग के दौरान कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 193 वाहनों का ई-चालान व 02 वाहनों को सीज किया गया।

### गांजा के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त पुष्पराय सोनकर पुत्र बोघेलाल सोनकर निवासी नारा थाना मंझनपुर को 600 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# जलनिकासी व जलजमाव की समस्या से जूझ रहा नगर पंचायत अझुवा

अखंड भारत संदेश

**ओवरफ्लो तालाबों का गंदा पानी घरों में पहुंचने से दुर्गंध से लोगों का रहना दूभर**

**अझुवा कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा को आदर्श नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त है अब तो पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श योजना नगर पंचायत से पोषित है लेकिन जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण जल जमाव से नगरवासी जूझ रहे हैं।बरसात का पानी नगर पंचायत के अंदर बाहर के तालाबों में भर चुका है अब थोड़ी सी बरसात में नगर की गलियां रास्ता जलजमाव से भर जाते है नालियों की बेहतर सफाई न होने के कारण गंदा नाली का पानी लोगों के घरों तक घुस जाता है लोगों को आवागमन में काफी असुविधा होती है ओवरफ्लो तालाबों का गंदा पानी पहुंचने से जहां दुर्गंध से लोगों का रहना मुश्किल हो जाता है वहीं संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहती है जिसको लेकर नगर वासी कई बार जिम्मेदारों से शिकायत किया लेकिन प्रशासनिक जांच में फंसे जिम्मेदार मामले को गम्भीरता से नही ले रहे हैं।सब्जी मंडी के पीछे स्थित मैले से भरा हुआ पानी सड़क पर भर जाता कीड़े मकोड़े जीव जंतु घरों में घुसने लगते हैं,सडांध और दुर्गंध से लोगों का रहना मुश्किल होता है इससे भी गई गुजरी स्थिति वार्ड नं 2 अम्बेडकर नगर दलित बस्ती,वार्ड नं 8 में जल जमाव की स्थिति देखी जा सकती है। वहीं अधिशासी अधिकारी अझुवा सूर्य प्रकाश गुप्ता ने कहा राष्ट्रीय राजमार्ग में कार्य चल रहा



अझुवा नगर में जलभराव

जब पीएनसी सड़क किनारे नाला बनवा देगी उन्ही नाले में नगर पंचायत के नाली जोड़ दी जाएगी जिससे समस्या खत्म हो जाएगी।

# पूरे दिन सरकारी जमीन पर होता रहा कब्जा अधिकारियों को देखने की नहीं मिली फुर्सत

अखंड भारत संदेश

**पूर्व डीएम की कार्रवाई को झूठा करार देकर नगर पालिका मंझनपुर के अधिशासी अधिकारी और तहसील के अधिकारी सरकारी जमीन पर कब्जा कराने में लगा रहे उर्जा**

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर में कोतवाली के ठीक सामने करोड़ों की सरकारी भूमि पर देव-खरपुर के दबंगों ने कब्जा कर 10 वर्ष पूर्व आवास निर्माण कराया था तत्कालीन जिलाधिकारी ने मामले की जांच कराई जांच में दबंगों के कब्जे अवैध पाए गए जिस पर तत्कालीन जिलाधिकारी ने बुलडोजर लगाकर दबंगों के अवैध कब्जे को गिरा दिया और सरकारी जमीन को कब्जा होने से बचा लिया लेकिन साजिश रचकर अभिलेखों में हेराफेरी कर सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी नहीं हुई थी जिससे दबंगों के हौसले बुलंद रह गए। बताते चलें कि मंझनपुर कोतवाली के ठीक सामने करोड़ों कीमत की सरकारी भूमि पर दबंगों ने कब्जा करने की योजनाबद्ध तरीके से साजिश रची है अभिलेखों में हेराफेरी की गई है पड़ोसी की जमीन का उस के सहयोग से फर्जी तरीके से बैनामा कराया गया है पड़ोसी ने अपनी जमीन के एक हिस्से पर तीन दशक पूर्व मकान निर्माण करा लिया है शेष जमीन को उसने तीन दशक पूर्व बेच दिया था पड़ोसी के पास मौके पर जमीन नहीं बची है लेकिन जिस जमीन पर उसने मकान बनाया है वह जमीन खतौनी में उसके नाम दर्ज है अपने बनाए मकान का दाखिल खारिज नहीं हुआ है और खतौनी में नाम दर्ज वाली जमीन को बेचकर के सरकारी भूमि पर कब्जा देने का प्रयास किया गया है।

इस मामले का खुलासा 10 वर्षों पूर्व तत्कालीन जिलाधिकारी के द्वारा हो चुका है और दबंग के कब्जे को बेदखल कर दिया गया है लेकिन नगर पालिका मंझनपुर और तहसील मंझनपुर से सहयोग मिलने के बाद दबंग ने फिर उसी सरकारी भूमि पर कब्जा करना शुरू कर दिया है सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले दबंगों और नगर पालिका तहसील के अधिकारियों के बीच 4 महीने से लुका छुपी का खेल हो रहा है डीएम से लेकर शासन तक को लगातार गुमराह किया जा रहा है जिले से लेकर शासन तक अवैध कब्जे की शिकायत हो चुकी है सरकारी जमीन के अवैध कब्जे के मामले में शासन स्तर से शुरू कराई गई जांच के नाम पर मामले को लटकाया जा रहा है और दबंगों के लगातार निर्माण हो रहे हैं लेकिन दबंग के अवैध निर्माण पर रोक लगाकर सरकारी जमीन कब्जा करने वाले दबंग पर मुकदमा दर्ज करा कर उसकी गिरफ्तारी नहीं कराई गई है। बुधवार को पूरे दिन जनपद मुख्यालय मंझनपुर कोतवाली के सामने दर्जनों मजदूरों को लगा कर सरकारी जमीन पर निर्माण कार्य होता रहा लेकिन अवैध निर्माण को रोकने और सरकारी संपत्ति को बचाने का समय नगर पालिका मंझनपुर के अधिशासी अधिकारी और तहसील के अधिकारियों को नहीं मिल सका है नगर के लोगों ने एक बार फिर सूबे के मुख्यमंत्री और जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सरकारी भूमि पर साजिया रच कर कब्जा करने वाले दबंगों के कब्जे को धराशाई करने दबंगों पर मुकदमा दर्ज करा कर गिरफ्तारी कराने और सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले दबंगों को संरक्षण देने वाले अधिकारियों को निलम्बित कर कब्जा धारियों से संलिप्तता बनाए रखने वाले अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज कराकर उनकी गिरफ्तारी और उन पर विभागीय कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### ट्रेन की खिड़की में बैठे युवक को डंडा मारकर यात्री से छीना मोबाइल

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बिदनपुर रेलवे स्टेशन समीप धीमी गति से चल रही ट्रेन एक खिड़की में बैठे यात्री के हाथ में डंडा मारकर उचक्कों ने यात्री का मोबाइल फोन छीन लिया है दो दिन पहले नौढ़िया गांव के एक युवक ने चलती ट्रेन में यात्री के हांथ में डंडा मारकर मोबाइल छीन लिया गेट पर बैठ कर यात्री अपना मोबाइल चलाकर कुछ देख रहा था! उसी दौरान नौढ़िया गाँव के एक युवक ने यात्री के हाथ में डंडा मार दिया नीचे गिरे मोबाइल को आरोपी लेकर भागने लगा धीमी गति से चल रही ट्रेन से यात्री कूद पड़े और छिनैती कर भाग रहे युवक को दौड़ा लिया युवक का पीछा कर दौड़कर पकड़ लिया यात्री ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आरोपी को अपने हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया जिसमे आरोपी ने पांच अन्य लोगों को घटना में शामिल होने को बताया पुलिस पांच लोगों को अपने हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ कर रही है! वही यात्री को पुलिस ने आरोपी से मोबाइल दिला कर भेज दिया यात्री अपना मोबाइल लेकर वापस चला गया! फिलहाल कोखराज पुलिस मामले को संज्ञान में लेकर जांच कार्यवाही में जुटी! है अभी आरोपी युवकों का चालान नहीं किया है मामला अंडर ट्रेनिंग सीओ अवधेशकुमार विश्वकर्मा के संज्ञान में है।

# कलेक्ट्रेट में दिन में जलती है बिजली...

## बिजली बचाओ का ढिंढोरा पीटते हैं अधिकारी









अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** एक तरफ सरकार से लेकर अधिकारी बिजली बचाओ का ढिंढोरा पीट रहे हैं दूसरी तरफ पूरे दिन कलेक्ट्रेट गेट पर बिजली जलाकर दुरुपयोग किया जा रहा है जनपद मुख्यालय मंझनपुर के कलेक्ट्रेट गेट पर लगे बड़े-बड़े मरकरी पूरे दिन जलती रहती है गेट पर लगी मरकरी को बुझाने के बजाए जलती छोड़ दिया जाता है मरकरी जलाकर सूरज को प्रकाश दिया जाने का प्रयास किया जा रहा है लगातार कई दिनों से मरकरी दिन में जलने के मामले में अभी तक विद्युत दुरुपयोग के मामले को संज्ञान नहीं लिया गया है आखिर बिजली जलाने और बुझाने की जिम्मेदारी किसकी है वह कर्मी क्या कर रहा है कलेक्ट्रेट के गेट पर पूरे दिन मरकरी जलने के मामले को यदि डीएम ने संज्ञान लिया तो बिजली जलाने और बुझाने वाले कर्मचारी की लापरवाही उजागर होना तय है।

# खंड शिक्षा अधिकारी के संरक्षण में चापलूस शिक्षक बना बीएसए

अखंड भारत संदेश

**स्कूलों की जांच के नाम पर खंड शिक्षा अधिकारी के साथ अपनी ड्यूटी छोड़कर चापलूस शिक्षक रहता है मौजूद**

**शिक्षकों की खामियां मिलने पर खंड शिक्षा अधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी के नाम पर चापलूस शिक्षक की वसूली से इलाके के शिक्षक परेशान**

**कौशाम्बी।** सरसवा विकासखंड क्षेत्र के यमुना नदी तराई के एक गांव के स्कूल में तैनात एक चापलूस शिक्षक इन दिनों खंड शिक्षा अधिकारी सरसवां के संरक्षण में बेसिक शिक्षा अधिकारी की भूमिका निभा रहा है सरकारी स्कूलों की जांच के समय खंड शिक्षा अधिकारी के साथ उक्त चापलूस शिक्षक मौजूद रहता है चापलूस शिक्षक शिक्षा अधिकारियों के कान भरने का भी काम कर रहा है यमुना तराई इलाके के एक सरकारी स्कूल में तैनात यह चापलूस शिक्षक अपनी ड्यूटी छोड़कर खंड शिक्षा अधिकारी की चापलूसी में पूरे समय लगा रहता है और खंड शिक्षा अधिकारी इस चापलूस शिक्षक को भगवान मानते हैं चापलूसी में लगा यह शिक्षक अपने को बेसिक शिक्षा अधिकारी समझने लगा है और इलाके के अन्य अध्यापकों से खंड शिक्षा अधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी है नाम पर सौदेबाजी कर शिक्षकों को प्रताड़ित कर रहा है सूत्रों की माने तो चापलूस शिक्षक की वसूली खंड शिक्षा अधिकारी सरसवां के रहमों करम पर हो रही है पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के यमुना नदी तराई क्षेत्र के एक स्कूल में चापलूस शिक्षक की ड्यूटी लगाई गई है लेकिन वह अपने स्कूल की ड्यूटी छोड़कर खंड शिक्षा अधिकारी की चापलूसी में लगा है अवैध वसूली में लगे चापलूस शिक्षक के कारनामे से इलाके के तमाम शिक्षकों में रोष व्याप्त है आखिर शिक्षक से बेसिक शिक्षा अधिकारी की भूमिका निभा रहे इस चापलूस शिक्षक के स्कूल की जांच कब शिक्षा विभाग के अधिकारी करेंगे या फिर चापलूस शिक्षक की तैनाती स्थल की जांच खंड शिक्षा अधिकारी सरसवां करने के बजाय चापलूस शिक्षक के इशारों पर नाचते रहेंगे यह तमाम सवाल शिक्षा विभाग की व्यवस्था पर खड़े हो गए हैं।

### पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थी करवाये ई-केवाईसी

**कौशाम्बी।** उप कृषि निदेशक ने अवगत कराया है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पात्र लाभार्थी कृषक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के भुगतान की धनराशि पीएम किसान के पोर्टल पर फीड बैंक खाते के स्थान पर न होकर आधार की फीडिंग के आधार पर होगा उन्होंने किसान भाईयों से 31 जुलाई, 2022 तक ई-केवाईसी हेतु अनुरोध किया है, किन्तु अभी भी जनपद के 75 हजार कृषकों द्वारा ई-केवाईसी नहीं कराया गया है, जिसके कारण जिन कृषकों द्वारा ई-केवाईसी नहीं करायी गयी है उनकी पीएम किसान निधि की अगली किस्त भारत सरकार द्वारा रोक दिया जायेंगा उप कृषि निदेशक ने किसान भाइयों से आग्रह किया है कि जिन्होंने ई-केवाईसी नहीं करवाया है वे अपने नजदीकी आधार संशोधन केन्द्रो में जाकर अपने आधार को मोबइल नंबर से जुड़वायें इसके पश्चात सहज जन सेवा केन्द्र सीएससी सेन्टर में जाकर पीएम किसान योजनान्तर्गत ई-केवाईसी करायें। जिन लाभार्थी कृषकों द्वारा ई-केवाईसी नहीं कराया जायेगा उनको प्राप्त होने वाली अगली किश्त व अन्य आने वाली समस्त किश्तें भारत सरकार द्वारा रोक दिया जायेगा जिसका उत्तरदायित्व स्वयं लाभार्थी का होगा।

# सीओ के निर्देश के विपरीत चौकी पुलिस का मुंशी सिपाही पड़ रहा भारी

अखंड भारत संदेश

**विधवा महिला की कॉलोनी की छत पर चौकी के मुंशी की लगी बुरी नजर**

**विधवा महिला के पैतृक जमीन के कागजात होने के बाद चौकी पुलिस को नहीं दिखता है उसके अभिलेख**

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज पुलिस चौकी के अंतर्गत जिल्लापर मजरा पर एक विधवा महिला की कॉलोनी बनाने में क्षेत्राधिकारी ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद निर्माण करने का विधवा महिला को निर्देश दिया सीओ के निर्देश पर विधवा महिला निर्माण करा रही थी लेकिन दबंग महिला ने निर्माण को गिरा दिया है आधी रात को चौकी का एक सिपाही विधवा महिला के घर में जाकर गाली गलौज कर रहा है अब सवाल उठता है कि क्षेत्राधिकारी के निर्देश के बाद मकान बनाने वाली विधवा महिला के घर पर सिपाही किस अधिकार से गाली गलौज करने पहुंचा है यह जांच का विषय है। विधवा महिला वहाबुन पत्नी स्वर्गीय अब्दुल वहाब के मकान निर्माण में मूरतगंज पुलिस चौकी के मुंशी और सिपाही की बुरी नजर लग गई है जिससे महिला की कॉलोनी की छत नहीं बन पा रही है महिला बार-बार अपने पैतृक जमीन के अभिलेख पुलिस चौकी में दिखा कर न्याय मांग रही है लेकिन न्याय नहीं मिल रहा है विधवा महिला बार-बार अधिकारियों से शिकायत कर न्याय मांग रही है लेकिन उसके बाद भी उसके पैतृक जमीन के कागजात को मानने के लिए चौकी पुलिस तैयार नहीं है विधवा महिला के विपक्षी दबंग महिला को बगैर कागजात के चौकी के मुंशी पूरी तरह से सहयोग करने पर उतारू हैं पूर्व में मोटी रकम मांगने का आरोप भी चौकी के सिपाहियों पर लग चुका है आखिर बगैर कागजात के दबंग महिला को मुंशी के सहयोग करने के पीछे कारण क्या है यह जांच का विषय है क्षेत्राधिकारी के निर्देश के बाद मंगलवार को विधवा महिला अपनी जमीन पर दीवाल उठा रही थी लेकिन दबंग महिला चौकी के मुंशी के बल पर प्रधानमंत्री आवास के दीवाल को गिरा दिया है कोर्ट की तरफ से निर्माण की अनुमति मिली है कोखराज प्रभारी को अवगत कराने के बाद मुंशी का जलवा कायम है और वह इधर-उधर की बातें बता कर अधिकारियों को वह गुमराह कर रहा है बीते दिनों थानेदार ने मुंशी को फटकार भी लगाई थी निर्माण शुरू होने पर दबंग महिला को सहयोग कर चौकी के मुंशी और सिपाहियों ने विधवा महिला के निमार्णाधीन दीवार को गिरवा दिया है दीवार गिराने वाली दबंग महिला पर अभी तक कार्यवाही नहीं हुई है।

संपादकीय

## पोंगापंथी से ऊपर उठें मजहबी

**भारत** में मजहब के नाम पर किस कदर पोंगापंथी कोहराम मचाकर खुश होते हैं? इसका ताजा किस्सा सामने आया है, मुजफ्फरनगर की युवा गायिका फरमानी नाज का। यह घरेलू मुस्लिम महिला है। इस तीस वर्षीय मुस्लिम महिला के खिलाफ कुछ मुस्लिम मौलानाओं ने अपने तोप और तमंचे दागने शुरू कर दिए हैं, क्योंकि उसका गाया हुआ एक भजन ह्यहर हर शंभू...ह्ल बहुत लोकप्रिय हो रहा है। उस भजन को इंटरनेट पर अभी तक लगभग 10 लाख लोग सुन चुके हैं। देवबंद के उलेमाओं के वाग्बाणों के बाद कोई आश्चर्य नहीं कि अब नाज के भजनों, गजलों और गीतों को सुननेवालों की संख्या करोड़ों तक पहुंच जाए। हमारे पोंगापंथी मौलानाओं की फरमानी नाज पर यह बड़ी कृपा बरसेगी। मैंने भी फरमानी नाज को सुनने की कोशिश की। उसके शिव भजन में तो मुझे कोई खास रस नहीं आया लेकिन उसकी गजलें सुनकर मैं दंग रह गया। अपने चूल्हे पर गोबर लीपती हुई नाज जो गजल गा रही है, बिना तबला और बांसुरी के, वह भी सीधे दिल में उतर रही थी। देवबंद के एक मौलाना और मुफ्ती ने फरमानी नाज के शिव भजन पर घोर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि यदि आप मुसलमान हैं तो आपको किसी अन्य मजहब के देवी-देवताओं के भजन बिल्कुल नहीं गाने चाहिए। इस्लाम इसकी इजाजत कतई नहीं देता। उनके इस एतराज का फरमानी और उसकी मां, दोनों ने साफ लफ्जों में जवाब दिया है। उनका कहना है कि फरमानी नाज पक्की मुसलमान है और वह नियमित नमाज भी अदा करती है। लेकिन उसकी शादी के दो साल बाद ही उसका तलाक हो गया। उसे मुंबई के ह्यइंडियन आइडलह्ल में गोल्डन टिकिट भी मिला, लेकिन इसे छोड़कर उसे फिर मुजफ्फरनगर आना पड़ा, क्योंकि उसके दो साल के बेटे के गले का गंभीर आपरेशन जरूरी था। उसके लिए वह पैसा कहां से लाती? सो, उसने गाना शुरू कर दिया। उसके पास कोई कमी नहीं रही। उसकी मां फातिमा बेगम ने कहा कि उसके गायन ने ही बच्चे के जान बचाई। उन दोनों का कहना है कि संगीत का कोई मजहब नहीं होता। उनकी यह बात गलत नहीं है, क्योंकि मोहम्मद रफी, ए.आर रहमान, जावेद अख्तर, लता मंगेशकर, शकील बदायूंनी जैसे दर्जनों बड़े नाम हैं, जिन्होंने एक-दूसरे के धार्मिक भजनों और गीतों को गाया और लिखा है। मुसलमान और ईसाई अभिनेताओं ने हिंदू देवी-देवताओं के रोल किए हैं और हिंदू अभिनेताओं ने मुस्लिम बादशाहों के रोल अदा किए हैं। क्या देवबंद के मौलानाओं को पता नहीं है कि रसखान ने कृष्णभक्ति में जो अदभुत काव्य लिखा है, क्या वैसा किसी हिंदू कवि ने भी लिखा है? अगर फरमानी नाज के खिलाफ आप फतवा जारी करेंगे तो आपको रहीम, रसखान, कबीर, मलिक मुहम्मद जायसी जैसे भारतीय महाकवियों के खिलाफ भी फतवा जारी करना पड़ेगा। मुझे तो कई बार पाकिस्तान के कई प्रसिद्ध गायकों के घर पर हिंदू भजन सुनकर चकित हो जाना पड़ा है। अफगानिस्तान, पाकिस्तान और भारत के अनेक शास्त्रीय संगीत महारथियों को मैंने काबुल, कराची, लाहौर और दिल्ली में पक्के शास्त्रीय गायन में हिंदू देवी-देवताओं का उल्लेख करते हुए सुना है।

## मौत का पर्याय बनते जीवन रक्षक अस्पताल

**निर्मल रानी**

**हमारे** देश में इन दिनों स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ 'अमृत महोत्सव ' के रूप में मनाने की जोरदार तैय्यारी चल रही है। हर घर तिरंगा - घर घर तिरंगा फहराने का राष्ट्रव्यापी अभियान पूरे देश में सरकारी स्तर पर भी चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत 31 जुलाई को अपने लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 91वें एपिसोड में देश के लोगों से तिरंगा फहराने के राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा बनने की न केवल अपील की बल्कि इसके अनेक उपाय भी सुझाये। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को यह भी बताया कि वे किस तरह फेसबुक,व्हाट्सअप,ट्विटर,इंस्टाग्राम जैसे अपने एकाउंट्स हैंडल्स पर अपनी डीपी बदलकर तिरंगा झण्डा को डी पी के तौर पर लगाकर तिरंगा फहराने के राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा बनें। उन्होंने यहाँ तक कहा कि देशवासी 13 अगस्त से 15 तक घर घर तिरंगा अभियान को एक जन आंदोलन का रूप दें। देश में फैली भयंकर मंहगाई,बेरोजगारी,साम्प्रदायिकता,जातिवाद,अनिश्चितता के वर्तमान दौर में जबकि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया रिकार्ड स्तर तक गिर चुका है। प्रतिभाशाली भारतीय युवा स्वतंत्र भारत के इतिहास में रिकॉर्ड स्तर पर देश से पलायन कर अपने सुरक्षित भविष्य की तलाश में विदेशों में जा रहे हों,तमाम विदेशी उद्योग धंधे भारत से अपना कारोबार समेट कर दूसरे देशों का रुख कर रहे हों, इन हालात में अनेक सत्ता विरोधी दल व इनके नेता तिरंगा फहराने के राष्ट्रव्यापी अभियान पर सवाल भी खड़ा कर रहे हैं। इधर 31 जुलाई को प्रधानमंत्री की देशवासियों से तिरंगा झंडा फहराने की अपील मन की बात में प्रसारित होती है उधर इसके अगले ही दिन मध्य प्रदेश के जबलपुर में दमोह नाका शिवनगर स्थित न्यू लाइफ मल्टी स्पेशलिटी नामक एक निजी अस्पताल में भीषण आगजनी की घटना दरपेश आती है। खबरों के अनुसार इस हादसे में अब तक 10 लोगों के आग से झुलसकर मरने तथा लगभग आधा दर्जन लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है। समाचार यह भी है कि अपनी जान गंवाने वाले लोगों में ज्यादातर अस्पताल स्टाफ के वह लोग हैं जो मरीजों के लिये किसी भगवान से कम नहीं समझे जाते। और यह वही वर्ग भी है जिसके सम्मान में कोरोना काल में प्रधानमंत्री ने पूरे अस्पतालों में बैण्ड बजवाकर इनके साहस,मेहनत व तपस्या को सराहा था। अस्पताल में जिंदा जलने वाला यह उसी स्टाफ का हिस्सा था जिनपर सेना के हैलीकॉप्टर्स ने पुष्प वर्षा की थी। जबलपुर के इस न्यू लाइफ मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में हुए अग्निकांड के विषय में भी वही बताया गया जो प्रायः अधिकांश आग लगने की घटनाओं के लिये बताया जाता है। यानी यह आग भी बिजली के शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी जो कि ग्राउंड फ़्लोर से शुरू होकर तीसरी मंजिल तक बहुत तेजी से फैल गई।

# दोस्ती हमें जीना सिखाती है

**ललित गर्ग**

**अंतरराष्ट्रीय** मैत्री (मित्रता) दिवस प्रत्येक वर्ष अगस्त माह के प्रथम रविवार को विश्व के कई देशों में मनाया जाता है। इसके पीछे की भावना हर जगह एक ही है- मित्रता एवं दोस्ती का सम्मान। मैत्री का दर्शन बहुत विराट है, स्वस्थ निमित्तों की श्रृंखला में यह सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। बिना किसी आग्रह एवं स्वार्थ के जो मैत्री स्थापित करता है, वह सबके कल्याण का आकांक्षी रहता है, सबके अभ्युदय में स्वयं को देखता है और उसके जीवन में विकास के नये आयाम खुलते रहते हैं। जीवन खूबसूरत प्रतीत होता है। इसमें अपने-पराये का भेद नहीं रहता, न प्रतिस्पर्धा और न छोटे-बड़े की सीमा-रेखा होती है। इतनी आदर्श स्थिति एवं महत्वपूर्ण होते हुए भी प्रश्न उभरता है कि आज मनुष्य-मनुष्य के बीच मैत्री भाव का इतना अभाव क्यों है? क्यों है इतना पारस्परिक दुराव? क्यों है वैचारिक वैमनस्य? क्यों मतभेद के साथ जनमता मनभेद? ज्ञानी, विवेकी, समझदार होने के बाद भी आए दिन मनुष्य क्यों लड़ता झगड़ता है। विवादों के बीच उलझा हुआ तनावग्रस्त क्यों खड़ा रहता है। न वह विवेक की आंख से देखता है, न तटस्थता और संतुलन के साथ सुनता है, न सापेक्षता से सोचता और निर्णय लेता है। यही वजह है कि वैयक्तिक रचनात्मकता समाप्त हो रही है। पारिवारिक सहयोगिता और सहभागिता की भावनाएं टूट रही हैं। सामाजिक बिखराव सामने आ रहा है। धार्मिक आस्थाएं कमजोर पड़ने लगी हैं। आदमी स्वकृत धारणाओं को पकड़े हुए शब्दों की कैद में स्वार्थों की जंजीरों की कड़ियां गिनता रह गया है। ऐसे समय में दोस्ती का बंधन रिश्तों में नयी ऊर्जा का संचार करता है। सुप्रसिद्ध अमेरिकी लेखक डेल कानेर्गी ने मित्र बनाने की कला पर अनेक पुस्तकें लिखी हैं और वे लाखों, करोड़ों की संख्या में बिकती हैं। उसने एक पुस्तक में लिखा है-ह्यमेरी सारी संपत्ति लेकर मुझे कोई एक सच्चा मित्र दे दो। अमेरिकी धन कुबेर हेनरी फोर्ड का उदाहरण देते हुए उसने लिखा है कि-उससे एक बार पत्रकारों ने पूछा-आपके पास अपार धन संपत्ति है, सभी सुख सुविधाएं मौजूद हैं इतना सब होने पर आप जीवन में किस बात की कमी महसूस करते हैं?

हेनरी फोर्ड ने कहा-धन संपत्ति के नशे में मैं एक भी सच्चा मित्र नहीं बना सका। फ्रेंडस बहुत मिले परन्तु वह फ्रेंडशिप केवल साथ खाने-पीने, मौज, शौक की ही थी। जो सच्चे दिल से मुझे चाहे और मैं उसे चाहूं, ऐसा एक भी मित्र मुझे नहीं मिला। यह मेरे जीवन की एक बहुत बड़ी रिक्तता एवं कमी है। अंतरराष्ट्रीय मैत्री दिवस की आज ज्यादा प्रासंगिकता है, दक्षिण अमेरिकी देशों से शुरू हुआ यह त्योहार उरुग्वे, अजेर्टीना, ब्राजील में 20 जुलाई को, पराग्वे में 30 जुलाई को, जबकि भारत, मलेशिया, बांग्लादेश आदि दक्षिण एशियाई देशों सहित दुनियाभर के बाकी देशों में यह अगस्त महीने के पहले रविवार को मनाया जाता है। दोस्ती वह रिश्ता है जो आप खुद तय करते हैं, जबकि बाकी सारे रिश्ते आपको बने-बनाये मिलते हैं। जरा सोचिए कि एक दिन अगर आप अपने दोस्तों से नहीं मिलते हैं, तो कितने बेचैन हो जाते हैं और मौका मिलते ही उसकी खैरियत जानने की कोशिश करते हैं। आप समझ सकते हैं कि यह रिश्ता कितना खास है। आज जिस तकनीकी युग में हम जी रहे हैं, उसने लोगों को एक-दूसरे से काफी करीब ला दिया है। लेकिन साथ ही साथ इसी तकनीक ने हमसे सुकून का वह समय छीन लिया है जो हम आपस में बांट सकें। आज हमने पूरी दुनिया को तो मुट्ठी में कैद कर लिया है, लेकिन इसके साथ ही हम खुद में इतने मशगूल हो गये हैं कि एक तरह से सारी दुनिया से कट से गये हैं। नयी सभ्यता एवं नयी संस्कृति में ऐसी ही मानवीय संवेदनाओं को नई ऊर्जा देने के लिये अन्तर्राष्ट्रीय फ्रेंडस दिवस मनाया जाना एक सार्थक उपक्रम है। दोस्ती ही एक ऐसा रिश्ता है जो वार्तमानिक परिवेश में जबकि मानवीय संवेदनाओं एवं आपसी रिश्तों की जमीं सूखती जा रही है ऐसे समय में एक दूसरे से जुड़े रहकर जीवन को खुशहाल बनाने और दिल में जादुई संवेदनाओं को जगाने का सशक्त माध्यम है। क्षणिक और स्वार्थों पर टिकी मित्रता वास्तव में मित्रता नहीं, केवल एक पहचान मात्र होती है ऐसे मित्र कभी-कभी बड़े खतरनाक भी हो जाते हैं। जिनके लिए एक विचारक ने लिखा है- पहले हम कहते थे, हे प्रभु! हमें दुश्मनों से बचाना परन्तु अब कहना पड़ता है, हे परमात्मा, हमें दोस्तों से बचाना। दुश्मनों से भी ज्यादा खतरनाक होते हैं दोस्त। मित्रता दिवस दोस्ती को अभिशाप नहीं, वरदान बनाने का उपक्रम है। यह दिवस वैयक्तिक स्वार्थों को एक ओर रखकर औरों को सुख बांटने एवं दुःख बटोरने की मनोवृत्ति को विकसित करने का दुर्लभ अवसर प्रदत्त करता है। इस दिवस को मनाने का मूल हार्द यही है कि दोस्ती में विचार-भेद और मत-भेद भले ही हों मगर मन-भेद नहीं होना चाहिए। क्योंकि विचार-भेद क्रांति लाता है जबकि मन-भेद विद्रोह। क्रांति निर्माण की दस्तक है, विद्रोह बरबादी का संकेत। मित्रता का भाव हमारे आत्म-विकास का सुरक्षा कवच है। आचार्य श्री तुलसी ने इसके लिए सात सूत्रों का निर्देश किया।



> आचार्य श्री तुलसी ने इसके लिए सात सूत्रों का निर्देश किया। मित्रता के लिए चाहिए- विश्वास, स्वार्थ-त्याग, अनासक्ति, सहिष्णुता, क्षमा, अभय, समन्वय। यह सप्तपदी साधना जीवन की सार्थकता एवं सफलता की पृष्ठभूमि है। विकास का दिशा-सूचक यंत्र है। दोस्ती का यह दिवस आमंत्रित कर रहा है अपनी ओर, बांहें फैलाये हुए, हमें बिना कुछ सोचे, ठिठके बगैर, भागकर दोस्ती की पगडंडी को पकड़ लेने के लिये। जीवन रंग-बिरंगा है, यह श्वेत है और श्याम भी

मित्रता के लिए चाहिए- विश्वास, स्वार्थ-त्याग, अनासक्ति, सहिष्णुता, क्षमा, अभय, समन्वय। यह सप्तपदी साधना जीवन की सार्थकता एवं सफलता की पृष्ठभूमि है। विकास का दिशा-सूचक यंत्र है। दोस्ती का यह दिवस आमंत्रित कर रहा है अपनी ओर, बांहें फैलाये हुए, हमें बिना कुछ सोचे, ठिठके बगैर, भागकर दोस्ती की पगडंडी को पकड़ लेने के लिये। जीवन रंग-बिरंगा है, यह श्वेत है और श्याम भी। दोस्ती की यही सरगम कभी कानों में जीवनराग बनकर घुलती है तो कहीं उठता है संशय का शोर। दोस्ती को मजबूत बनाता है हमारा संकल्प, हमारी जिजीविषा, हमारी संवेदना लेकिन उसके लिये चाहिए समर्पण एवं अपनत्व की गर्माहट। यह जीना सिखाता है, जीवन को रंग-बिरंगी शक्ल देता है। प्रेरणा देता है कि ऐसे जिओ कि खुद के पार चले जाओ। ऐसा कर सके तो हर अहसास, हर कदम और हर लम्हा खूबसूरत होगा और साथ-साथ सुन्दर हो जायेगी जिन्दगी। हमें तन्हाई का कोई साथी चाहिए, खुशियों का कोई राजदार चाहिए और गलती पर प्यार से डांटने-फटकराने वाला चाहिए। यदि यह सब खूबी किसी एक व्यक्ति में मिले तो निःसन्देह ही वह आपका दोस्त होगा, मित्र होगा। वही दोस्त, जिसके रिश्ते में कोई स्वार्थ या छल-कपट नहीं बल्कि आपके हित, आपके विकास, आपकी खुशियों के लिये जिसमें सदैव एक तड़फ एवं आत्मीयता रहेगी। यों तो भारतीय संस्कृति और इतिहास में त्योहारों की एक समृद्ध परम्परा है, लेकिन अब हमारे देश में अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों के प्रति बढ़ते आकर्षण एवं प्रचलन से इसमें इजाफा हुआ है। अब हर दिन कोई-न-कोई पर्व, त्योहार या दिवस होता है। हमने फ्रेण्डशिप दिवस जैसे अनेक नये या आयात किये हुई पर्व एवं दिवसों को हमारी संस्कृति और जीवनशैली का हिस्सा बना लिया है। फ्रेण्डशिप दिवस यानी मित्रता दिवस, सभी गिले-शिकवे भूल दोस्ती के रिश्ते को विश्वास, अपनत्व एवं सौहार्द की डोर से मजबूत करने का दिन। वास्तव में मित्र उसे ही कहा जाता है, जिसके मन में स्नेह की रसधार हो, स्वार्थ की जगह परमार्थ की भावना हो, ऐसे मित्र सांसों की बांसुरी में सिमटे होते हैं, ऐसे मित्र संसार में बहुत दुर्लभ हैं।

श्रीकृष्ण और सुदामा की, विभीषण और श्री राम की दोस्ती इतिहास की अमूल्य धरोहर हैं। जोसेफ फोर्ट न्यूटन ने कहा कि लोग इसलिए अकेले होते हैं क्योंकि वह मित्रता का पुल बनाने की बजाय दुश्मनी की दीवारें खड़ी कर लेते हैं। मित्रता दिवस दोस्ती को अभिशाप नहीं, वरदान बनाने का उपक्रम है। हमें दोस्ती के नये मूल्य-मानक गढ़ने है, मित्रता को जीवन में सार्थक रूप में स्थापित करना है।

# सावन के महीने में यादों के झूले

**रमेश सर्राफ धमोरा**

सावन के सुहाने महीने का हर किसी को इंतजार होता है। बहुत सारी हिन्दी फिल्मों में भी सावन के गानों को बेहद ही खूबसूरती से फिल्माया जाता रहा है। इसमें प्रेमी जोड़े के बीच प्यार, रोमांस, नाचना और झूमना दिखाया गया है। 1975 में रिलीज हुई फिल्म ह्यचुपके चुपकेह्ल का गाना ह्यअब के बरस सावन मेंह्ल शर्मिला टैगेर और धर्मेंद्र सावन की बारिश में झूमते हुए दिखते हैं। ये गाना भले ही पुराना है लेकिन सावन में आज भी प्रेमी जोड़े के बीच यह गाना ताजा हो जाता है। पड़ गए झूले सावन ऋतु आई रे गाना 1967 में आई फिल्म बहू बेगम का सावन के झूलों पर सबसे हिट गाना माना जाता है। सावन आते ही लोगों की जुबान पर ऐसे गाने खुद-ब-खुद आने लगते हैं।

पहले लोगों को सावन के महीने का बेसब्री से इंतजार रहता था। सावन शुरू होते ही गांव की गलियों से लेकर शहरों तक झूले पड़ते थे। महिलाएं झूला झूलतीं और गाती थीं। लड़कियां ससुराल से मायके आती थीं। लेकिन अब ये सब परंपरायें समाप्त होती जा रही है। अब न तो पेड़ों पर झूले डलते हैं और ना ही गीत सुनाई देतें है। सावन शुरू होने के बाद भी इसका एहसास ही नहीं हो रहा है। उमंग और खुमारी का संगम इसी महीने में हरियाली तीज पर खत्म होता था। सखियों को सुख-दुख बांटने, साथ बैठकर मेंहदी लगाने की परंपरा फिर गीत सब गुम हो चुका है। बच्चे अब झूले नहीं वीडियो गेम में मस्त रहते हैं। महिला संगठन भी अब किटी पार्टी जैसे आयोजनों तक सीमित हैं। झूले की परंपरा लुप्त होने के पीछे सबसे प्रमुख वजह मनोरंजन के भरपूर साधन भी हैं। सावन के आते ही गली-कूचों और बगीचों में मोर, पपीहा और कोयल की मधुर बोली के बीच युवतियां झूले का लुत्फ उठाया करती थीं। अब न तो पहले जैसे बगीचे रहे और न ही मोर की आवाज सुनाई देती है। यानी बिन झूला झूले ही सावन गुजर जाता है। लगातार पड़ रहे प्राकृतिक आपदाओं के कहर का असर माना जाए या वन माफियाओं की टेढ़ी नजर का परिणाम कि गांवों में भी बगीचे नहीं बचे, जहां युवतियां झूला डाल कर झूल सके व मोर विचरण कर सके। बुजुर्ग महिलायें बताती हैं कि सावन आते ही बहन-बेटियां ससुराल से मायके बुला ली जाती थीं और पेड़ों पर झूला डाल कर झूलती थीं। झुंड के रूप में एकत्रित होकर महिलाएं सावनी गीत गाया करती थीं। त्योहार पर बेटियों को ससुराल से बुलाने की परम्परा आज भी चली आ रही है। लेकिन जगह के अभाव में न तो कोई झूला झूल पाता है और न ही अब मोर, पपीहा व कोयल की सुरीली आवाज ही सुनने को मिलती हैं। बुजुर्गों की मानें तो दस साल पहले रक्षाबंधन तक झूले का आनंद लिया जाता रहा है। गांव के पेड़ पर मोटी रस्सी से झूला डाला जाता था और सारे गांव की बहन-बेटियां झूलती थीं। अब पेड़ ही नहीं हैं तो झूला कहां डालें। सावन के महीने में नवविवाहित महिलाओं को अपने मायके जाने की परम्परा तो आज भी राजस्थान की संस्कृति में अनवरत रूप से चली आ रही है। पहले सावन का महीना आते ही गांव में सावन की मल्हारें गूंजने लगती थी। जिन नव विवाहिता वधुओं के पति दूरस्थ स्थानों पर थे उनकों इंगित करते हुए विरह गीत सुनना अपने आप में लोक कला का ज्वलंत उदाहरण हुआ करते थे। समय के साथ पेड़ गायब होते गए और उनके स्थान पर बहुमंजिला इमारतों के बनने से आंगन का अस्तित्व लगभग समाप्त हो गया। ऐसे में सावन के झूले भी यादें बनकर हमारी परम्परा से गायब हो रहे हैं। अब सावन माह में कुछ जगहों पर ही झूले दखाई देते हैं। मंदिरों में सावन की एकादशी के दिन भगवान को झूला झुलाने की परम्परा अभी भी निभाई जा रही है। भारतीय संस्कृति में झूला झूलने की परम्परा वैदिक काल से ही चली आ रही है। भगवान श्रीकृष्ण राधा संग झूला झूलते और गोपियों संग रास रचाते थे। मान्यता है कि इससे प्रेम बढने के अलावा प्रकृति के निकट जाने एवं उसकी हरियाली बनाये रखने की प्रेरणा मिलती है। संस्कृति एवं परम्परा की ही देन है कि देश के विभिन्न क्षेत्रों के गांव और कस्बों में लोग झूला झूलते हैं। विशेष कर महिलाएं और युवतियां इसकी शौकीन होती हैं। सावन व भादो का महीना हमे प्रकृति के और निकट ले जाता है। झूले झूलने के दौरान गाये जाने वाले गीत मन को सुकून देते थे। सावन में झूला झूलना मात्र आनंद की अनुभूति नहीं कराता अपितु यह स्वास्थ्यवर्धक प्राचीन योग भी है। सावन में हवा अन्य महीनों की तुलना में अधिक शुद्ब होती है। सावन की हरियाली का हरा रंग आंखों पर अनुकूल प्रभाव डालता है। इससे नेत्र ज्योति बढ़ती है। झूला झूलते समय श्वांस-उच्छवास लेने की गति में तीव्रता आती है। इससे फेफड़े सुदृढ़ होते हैं। इसके साथ ही झूलते समय श्वांस अधिक भरा, रोका एवं वेग से छोड़ा जाता है। इससे नवीन प्रकार का प्राणायाम पूर्ण हो जाता है जो स्वास्थ्य वर्धक है। झूलते समय रस्सी पर हाथों की पकड़ सुदृढ़ होती है। इसी प्रकार खड़े होकर झूलते समय झूले को गति देने बार-बार उठक-बैठक लगानी पड़ती हैं। इन क्रियाओं से एक ओर हाथ, हथेलियों और उंगलियों की शक्ति बढ़ती है वहीं दूसरी ओर हाथ-पैर और पीठ-रीढ़ का व्यायाम हो जाता है। अब सावन तो आता है पर अपने रंग नहीं बिखेर पाता। जिस सावन के आते ही नववधु ससुराल से मायके पहुंच जाती थी। अब वैसा सावन नही होता है। वर्तमान समय में अब झूले की परम्परा लुप्त हो रही है। सावन की खुशबू अब कहीं नहीं दिखती है। कुछ स्थानों को छोड़ कर लोग इसका आनंद नहीं ले पा रहे हैं। झूलों के नहीं होने से हमे लोक संगीत भी सुनने को नहीं मिलता है। आधुनिकता की दौड़ में प्रकृति के संग झूला झूलने की बात अब कहीं नहीं दिखती है। आज से दो दशक पहले तक झूलों और मेंहदी के बिना सावन की परिकल्पना भी नही होती थी। आज के समय में सावन के झूले नजर ही नहीं आते हैं। लोग इसका कारण जनसंख्या घनत्व में वृद्धि के साथ ही वृक्षों की कटाई मानते हैं। लोग अब घर की छत पर या आंगन में ही रेडीमेड फ्रेम वाले लोहे के झूले पर झूलकर मन को संतुष्ट कर रहे हैं। बुद्धिजीवी वर्ग सावन के झूलों के लुप्त होने की प्रमुख वजह सुख सुविधा और मनोरंजन के साधनों में वृद्धि को मान रहे हैं। वर्षा ऋतु की खूबियां अब किताबों तक ही सीमित रह गयी है। वर्षा ऋतु में सावन की महिमा धार्मिक अनुष्ठान की दृष्टि से तो बढ़ रही है।

# आमने-सामने आ गये हैं चीन और अमरीका

**डॉ उमेश प्रताप वत्स**

चीन की परिणाम भुगतने की चेतावनी को दरकिनार करते हुए अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी का विमान असमंजस की स्थिति को बरकरार रखता हुआ मंगलवार को आसमान से जैसे ही ताइवान के एयरपोर्ट पर लैंड हुआ चीन का पारा भी सातवें आसमान पर पहुंच गया। पच्चीस वर्षों में अमेरिका के किसी भी चुने गए उच्च अधिकारी की ताइवान में यह पहली यात्रा थी। चीन ताइवान पर अपना हिस्सा होने का दावा करता है इसलिए चीन ने चेतावनी दी थी कि अगर नैन्सी पेलोसी ताइवान जाती हैं तो उन्हें गंभीर नतीजों का सामना करना पड़ेगा। चीन का मानना है कि अमेरिका ताइवान में अलगाववादी एजेंडे पर काम कर रहा है, जिसे नैन्सी पेलोसी की यात्रा से बल मिल सकता है। यद्यपि ताइवान को चीन अपनी मुख्य भूमि का हिस्सा बताता रहा है और पेलोसी की वहां जाने की कथित योजना से वह भड़का हुआ है। पेलोसी की प्रस्तावित यात्रा पर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन को पिछले बृहस्पतिवार को फोन पर बातचीत में चेतावनी देते हुए कहा था कि 'जो लोग आग से खेलते हैं वे इससे नष्ट हो जाएंगे'। पड़ोसी देशों में सामंजस्य स्थापित करने के लिए बहुत ही सधी हुई कूटनीति का प्रयोग किया जाता है किंतु चीन जिस प्रकार हथियारों की एक बड़ी खेप एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ होने के अहंकार में हर पड़ोसी देश को घुड़की देता रहता है, यह कमजोर कूटनीति की अनुभूति कराता है। इतिहास साक्षी है कि तिब्बत को दक्षिण में नेपाल से भी कई बार युद्ध करना पड़ा और नेपाल ने इसको हराया। नेपाल और तिब्बत की सन्धि के मुताबिक तिब्बत द्वारा हर साल नेपाल को पाँच हजार नेपाली रुपये हरजाना भरना पड़ा। इस हजार्ने से बचने के लिए चीन से सहायता माँगी। चीन की सहायता से उसने नेपाल से तो छुटकारा पा लिया किन्तु इसके बाद 1906 ई. में चीन ने तिब्बत पर कब्जा कर लिया। 14 वें दलाई लामा ने 1940 ई. में शासन भार सँभाला। इधर चीन में अक्टूबर 1949 में एक गृहयुद्ध में च्यांग काई-शेक के कुओमिनतांग राष्ट्रवादियों को हराने के बाद माओत्से तुंग के नेतृत्व में कम्युनिस्टों ने बीजिंग की सत्ता पर कब्जा कर लिया। इस संघर्ष के बाद च्यांग काई-शेक के कुओमिनतांग राष्ट्रवादी ताइवान द्वीप पर भाग गए और दिसंबर में ताइपे में उन्होंने अपनी सरकार बनाई तथा मुख्य भूमि चीन के साथ उन्होंने अपने सारे संपर्क काट लिये। 23 मई 1951 को चीन ने तिब?बत पर कब?जा कर लिया था, जिसमें भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री ने भी समर्थन किया जिसका भुगतान आजतक करना पड़ रहा है। हिमालय पार का चीन अब तिब्बत लेने के बाद हमारे सिर पर आकर बैठ गया है। भारत और तिब?बत में इसे काला दिन कहा जाता है। वास्तव में इसी दिन तिब्बत ने चीन के दबाव में आकर एक समझौते पर हस्ताक्षर किया था, जिसके बाद तिब्बत पर चीन का कब्जा हो गया। 1951 से भूमि सुधार कानून एवं दलाई लामा के अधिकारों में हस्तक्षेप एवं कटौती होने के कारण असंतोष की आग सुलगने लगी जो क्रमशः 1956 एवं 1959 ई. में जोरों से भड़क उठी। परन्तु माओत्से तुंग के बल प्रयोग द्वारा चीन ने इसे दबा दिया। तिब्बत पर चीन के अवैध कब्जे से वहां के लोगों में चीन के खिलाफ गुस्सा बढ़ने लगा।

1955 के बाद पूरे तिब्बत में चीन के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन होने लगे। 1959 में राजधानी ल्हासा में हुए पहले हिंसक विरोध प्रदर्शनों को चीन ने सैन्य कार्रवाई से बेरहमी से कुचल दिया, जिसमें हजारों तिब्बतियों की जान चली गई। अत्याचारों, हत्याओं आदि से किसी प्रकार बचकर दलाई लामा नेपाल पहुँच सके। अभी वे भारत में रहकर चीन से तिब्बत को अलग करने की कोशिश कर रहे हैं। श्री लंका का ताजा उदाहरण पूरा विश्व देख रहा है जो चीन के कर्ज में कंगाली तक पहुंच गया है।

भारत की हजारों किलोमीटर की सीमा चीन से लगती है। भारत का प्राचीन इतिहास रहा है कि वह किसी पर जल्दी आक्रमण नहीं करता। इस नीति को भारत की कमजोरी समझ शी जिनपिंग की सरकार आये दिन भारत से सीमा पर झगड़ा कर दबाव बनाने का असफल प्रयास करती है।

# सावधान रहें करोना की तीसरी लहर से’

**संजीव ठाकुर**

**भारत में विशाल जनसंख्या है उसके** मद्देनजर यदि अतिरिक्त सावधानी नहीं बरती गई तो कोविड-19 और को आने से रोकना कठिन हो जाएगा और संक्रमण फिर आमजन की जान लेने लगेगा’ कोविड-19 का संक्रमण विदेशों में अभी भी कहर ढा रहा है।उत्तरी कोरिया, चीन, ब्रिटेन ,अमेरिका, इसराइल, ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया और न जाने कितने देश कोरोना संक्रमण की विभीषिका अभी भी झेल रहे हैं। भारत में भी दिल्ली ,मुंबई, कोलकाता, उत्तर प्रदेश मैं भी कोविड-19 का संक्रमण फैला हुआ है। अमेरिकी तथा ब्रिटिश वैज्ञानिकों के अनुसार कोविड-19 की लहर जून में फिर से आने की संभावना है अतः विशेष तौर पर भारत में सावधानी रखने की आवश्यकता है। कोविड-19 के संक्रमण ने पूरे विश्व में पिछले दो ढाई वर्षों से तहलका मचा कर रखा है। लाखों लोगों को मौत के मुंह में धकेल दिया है। करोना संक्रमण अत्यंत खतरनाक है,वह अभी तक पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। चीन में अभी भी लोगों को संक्रमित कर लोगों की जान का खतरा बना हुआ है। इसी तरह अन्य कई देशों में भी अभी भी करोना का संक्रमण बुरी तरह व्याप्त है। भारत में भी यह पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है अभी भी करोना के संक्रमित मरीज विस्तृत जांच करने पर पाए जा रहे हैं, मेहरबानी इतनी है कि इससे जान का नुकसान लगभग नगण्य हैं, पर खतरा जरूर है, हमें सावधानी जरूर रखनी होगी और कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन करना होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने फिर कहा है कि वे करोना वायरस के स्वरूपों के वंशानुगत नए नए रूपों पर नजर रख रहा है इन स्वरूपों के दो उप स्वरूप भी सामने आए हैं जो प्रतिरक्षा प्रणाली से बचकर निकलने की क्षमता के साथ उत्परिवर्तन भी होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की साप्ताहिक महामारी विज्ञान अपडेट में कहा गया है कि ओमी क्रोन का नया स्वरूप दुनिया में संक्रमण का प्रमुख कारण बन सकता है।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज के बीच चोटिल हुए कप्तान रोहित शर्मा

**बासेटेरे ।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की कमर की मांसपेशी में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टी20 मैच के दौरान बल्लेबाजी करते हुए खिंचाव आ गया और उन्हें बाहर जाना पड़ा। हालांकि अभी तक रोहित की चोट पर कोई अपडेट नहीं आया है और यह भी कंफर्म नहीं है कि वह वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले दो मैच (चौथा और पांचवां टी20) खेल सकेंगे या नहीं।




रोहित (11) ने अलजारी जोसेफ को एक छक्का और एक चौका लगाने के बाद एक रन लिया था। इसके बाद अचानक उनकी कमर में तकलीफ हुई। भारतीय टीम के फिजियो कमलेश ने मैदान पर जाकर उनका उपचार किया। कुछ मिनट बाद रोहित चोट के कारण मैदान से बाहर चले गए। अगले दो मैच फ्लोरिडा में छह और सात अगस्त को होने हैं। गौर हो कि भारत ने पहले और तीसरे टी20 मैच में जीत दर्ज की थी जबकि दूसरे मैच में वेस्टइंडीज ने वापसी करते हुए भारत को हराया था। ऐसे में भारत अभी पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-1 से आगे है। भारतीय टीम चौथे मैच में जीत दर्ज कर सीरीज में अजय बढ़त बनाया चाहेगी लेकिन रोहित शर्मा की चोट टीम के लिए मुश्किल पैदा कर सकती है।

## तीसरे टी20 में जीत के बाद बोले हार्दिक, रोहित ने हमें मनमाफिक खेलने की आजादी दी

**बासेटेरे ।** स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने कप्तान रोहित शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने खिलाड़ियों को उस तरह का खेल खेलने की आजादी भी जिसमें वह सहज महसूस करते हैं। हार्दिक ने कहा कि इस तरह के रवैये से खिलाड़ियों को असफलताओं के बावजूद अधिक जिम्मेदारियां मिलेंगी। हार्दिक ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज पर सात विकेट से जीत के बाद संवाददाताओं से कहा, 'जहां तक रवैये की बात है तो बहुत अधिक श्रेय रोहित और कोच (राहुल द्रविड़) को जाता है। कल हम इस पर बात कर रहे थे कि इस विकेट पर कैसा खेल खेलना चाहिए क्योंकि विकेट धीमा है। क्या आप अपनी शैली को बरकरार रखना चाहेंगे। मेरे कहने का मतलब है कि बहुत अधिक श्रेय उन्हें जाता है। उन्होंने कहा, 'परिणाम को भूल जाइए हम कुछ नया करने की कोशिश कर रहे हैं। हम गलतियां करेंगे और उनसे सीख लेंगे।




हार्दिक ने सूर्यकुमार यादव की भी जमकर प्रशंसा की जिन्होंने 44 गेंदों पर 76 रन की तूफानी पारी खेली और भारत को 2-1 से बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, 'सूर्या असाधारण खिलाड़ी है। जब वह खेलना शुरू करता है और जिन शॉट को वह खेलता है वह हैरान करने वाले होते हैं। आज उसने शानदार पारी खेली और यह आसान काम नहीं था। पूरा श्रेय उसे जाता है। उसने कड़ी मेहनत की थी। हार्दिक ने भारतीय मध्यक्रम की भी प्रशंसा की जिसमें ऋषभ पंत, दीपक हुड्डा, रविंद्र जडेजा जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

## डोपिंग मामले में धनलक्ष्मी तीन साल के लिए प्रतिबंधित

**नयी दिल्ली।** भारत की शीर्ष महिला धावकों में से एक सेकर धनलक्ष्मी को प्रतियोगिता से इतर डोपिंग जांच में पॉजिटिव पाये जाने पर एथलेटिक्स इंटीग्रिटी इकाई (एआईयू) ने तीन साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया। धनलक्ष्मी का नमूना दो मई को तुर्की के अंताल्या में लिया गया था। वह तुर्की में एक अन्य खिलाड़ी के साथ अभ्यास कर रही थी। उनके नमूने में मेटांडियनोन (एनाबॉलिक एंड्रोजेनिक स्टेरॉयड) मिला जो वाडा ( विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी) कोड के तहत प्रतिबंधित सामग्री है।उनका परीक्षण स्विट्जरलैंड के लुसाने में वाडा से मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में किया गया था। ऐसे मामलों के लिए निलंबन की अवधि चार वर्ष की होती है लेकिन धनलक्ष्मी ने डोपिंग अपराध और प्रतिबंध स्वीकार कर ली, जिसके कारण उनकी सजा अवधि में एक साल की कमी कर दी गयी। तमिलनाडु की 24 वर्षीय एथलीट 11 जुलाई से तीन साल के लिये प्रतिबंधित रहेगी। इसके साथ ही एक मई 2022 के उनके सभी परिणामों को खारिज कर दिया गया।

# सूर्यकुमार का अर्धशतक, भारत ने वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हराया

**सेंट किट्स एवं नेविस।** सलामी बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के तेजतर्रार अर्धशतक और श्रेयस अय्यर के साथ उनकी अर्धशतकीय साझेदारी से भारत ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में यहां वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बनाई।

वेस्टइंडीज ने सलामी बल्लेबाज काइल मायर्स (50 गेंद में 73 रन, आठ चौके, चार छक्के) के अर्धशतक से पांच विकेट पर 164 रन बनाए जिसके जवाब में भारत ने सूर्यकुमार (44 गेंद में 76 रन, आठ चौके, चार छक्के) के अर्धशतक और श्रेयस अय्यर (24) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 85 रन की साझेदारी से छह गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 165 रन बनाकर जीत दर्ज की। ऋषभ पंत 26 गेंद में 33 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने इस मैदान पर सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करते हुए जीत दर्ज की। इससे पहले मायर्स ने ब्रैंडन किंग (20) के साथ पहले विकेट के लिए 57 और कप्तान निकोलस पूरन (23) के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 रन भी जोड़े। रोवमैन पावेल (23) और शिमरोन हेटमायर (20) ने भी वेस्टइंडीज के




लिए उपयोगी पारियां खेली। भुवनेश्वर कुमार भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 35 रन देकर दो विकेट चटकाए। हार्दिक पांड्या ने किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में सिर्फ 19 रन देकर एक विकेट चटकाया। आवेश खान एक बार फिर बेहद महंगे साबित हुए। उन्होंने तीन ओवर में 47 रन लुटाए जबकि उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। श्रृंखला के अंतिम दो मैच अमेरिका के फ्लोरिडा में शनिवार और रविवार को खेले जाएंगे। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत को शुरुआत में ही झटका लगा जब कप्तान रोहित शर्मा पांच गेंद में 11 रन बनाने के बाद कमर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गए। सूर्यकुमार अच्छी लय में दिखे। उन्होंने ओबेद मैकॉय पर तीन चौके मारे जबकि अज्लारी जोसेफ की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने डोमीनिक ड्रेक्स का स्वागत भी लगातार दो चौकों के साथ किया। उन्होंने अय्यर के साथ मिलकर पावर प्ले में टीम का स्कोर 56 रन तक पहुंचाया।

सूर्यकुमार ने जेसन होल्डर की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का जड़ा और फिर अकील हुसैन पर छक्के के साथ सिर्फ 26 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। अय्यर ने ड्रेक्स पर चौके के साथ 11वें ओवर में भारत के स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया लेकिन अकील हुसैन की गेंद को आगे बढ़कर खेलने की कोशिश में स्टंप को गए। पंत ने आते ही मैकॉय पर चौका और हुसैन पर छक्का मारा। सूर्यकुमार हालांकि ड्रेक्स की गेंद पर फाइन लेग पर जोसेफ को कैच दे बैठे। भारत को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 29 रन की दरकार थी। पांड्या छह रन बनाने के बाद होल्डर की गेंद पर विकेटकीपर को कैच देकर पवेलियन लौटे लेकिन पंत ने दीपक हुड्डा (नाबाद 10) के साथ मिलकर भारत को जीत दिला दी।

रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने एक बार फिर आवेश को निशाने पर रखा और उनके पहले तथा पारी के तीसरे ओवर में मायर्स ने लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा। मायर्स ने आक्रामक रवैया अपनाते हुए भुवनेश्वर पर भी दो चौके जड़े और फिर पांड्या का स्वागत छक्के के साथ किया। मायर्स ने ब्रैंडन किंग के साथ मिलकर पावर प्ले में टीम का स्कोर 46 रन तक पहुंचाया। मायर्न ने रविचंद्र अश्विन पर भी दो चौके मारे लेकिन पांड्या ने दूसरे मैच में अर्धशतक जड़ने वाले किंग (20) को बोल्ड करके 50वां टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट हासिल किया। अश्विन और पांड्या के बीच के ओवरों में रन गति पर अंकुश लगाया लेकिन मायर्स को नहीं रोक पाए। मायर्स ने अश्विन पर छक्के के साथ 38 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

# राष्ट्रमंडल खेल : भारोत्तोलक विकास ठाकुर को पुरुष 96 किग्रा वर्ग में जीता सिल्वर

**बर्मिंघम।** भारत के हैवीवेट भारोत्तोलक विकास ठाकुर ने यहां 96 किग्रा वर्ग में रजत पदक के साथ राष्ट्रमंडल खेलों का एक और पदक अपने नाम किया। अनुभवी ठाकुर ने कुल 346 किग्रा (155 किग्रा और 191 किग्रा) वजन उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया और इस दौरान अपने लगातार तीसरे राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीता। ठाकुर का राष्ट्रमंडल खेलों में यह दूसरा रजत पदक है। वह 2014 ग्लास्गो खेलों में भी दूसरे स्थान पर रहे थे जबकि गोल्ड कोस्ट में 2018 में उन्होंने कांस्य पदक जीता था।

समोआ के डॉन ओपेलोगे ने कुल 381 किग्रा (171 किग्रा और 210 किग्रा) वजन उठाकर रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता और अपने 2018 के प्रदर्शन के सुधार किया जहां उन्होंने रजत पदक जीता था। ठाकुर ने पदक जीतने के बाद कहा, 'राष्ट्रमंडल खेलों का अपना तीसरा पदक जीतकर मैं बेहद खुश हूं। आज मेरी मां (आशा देवी ठाकुर) का जन्मदिन भी है। मैं इस पदक को उन्हें समर्पित करना चाहता हूं। समोआ के




'डॉन% और ठाकुर के बीच 35 किग्रा का बड़ा अंतर रहा लेकिन भारत के 28 वर्षीय भारोत्तोलक ने कहा कि वह सुधार करेंगे और निकट भविष्य में उनके स्तर की बराबरी करेंगे। उन्होंने कहा, 'पिछली बार 2018 में मुझे अपने वजन वर्ग में बदलाव करना पड़ा था और 85 किग्रा वर्ग में राहुल (वेंकट रेगाला) ने उसे (ओपेलोगे) को पछाड़ा था। मुझे चोट लगी थी और 94 किग्रा वर्ग में उतरना पड़ा और मैंने कांस्य (गोल्ड कोस्ट में) पदक जीता था। ठाकुर ने कहा, 'यह हमारे लिए अच्छा है कि राष्ट्रमंडल खेलों के स्तर में सुधार हो रहा है। इस खेल में हम दबदबा बना रहे हैं। लेकिन विश्व मानक को हासिल करने के लिए हमें अब भी कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। फिजी के टेनिएला टुइसुवा रेनीबोगी ने कुल 343 किग्रा (155 किग्रा और 188 किग्रा) वजन उठाकर कांस्य पदक अपने नाम किया। राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप के पांच बार के पदक विजेता ठाकुर स्नैच में तीन प्रयास में 149 किग्रा, 153 किग्रा और 155 किग्रा वजन उठा और वह इस वर्ग के खत्म होने के बाद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर चल रहे थे।

क्लीन एवं जर्क में ठाकुर ने 187 किग्रा वजन उठाकर शुरुआत की। दूसरे प्रयास में उन्हें 191 किग्रा वजन उठाने के लिए थोड़ी मशक्कत करनी पड़ी लेकिन पंजाब का भारोत्तोलक इस प्रयास में सफल रहा और इसका जश्न उन्होंने अपनी जांघ पर हाथ मारकर मनाया जिसे भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ने लोकप्रिय किया है। रजत पदक सुनिश्चित होने के बाद ठाकुर ने अपने अंतिम प्रयास में 198 किग्रा वजन उठाने का प्रयास किया जो उनके निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से एक किग्रा अधिक था। वह हालांकि यह वजन उठाने में विफल रहे। लेकिन यह स्पर्धा ओपेलोगे के नाम रही जिन्होंने स्नैच, क्लीन एवं जर्क तथा कुल भार तीनों वर्ग में राष्ट्रमंडल खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया। स्थानीय दावेदार सिरिल टीचैटचेट ने निराश किया क्योंकि वह क्लीन एवं जर्क में एक भी वैध प्रयास नहीं कर पाए। साइप्रस के एंटोनिस मार्तासिदिस के साथ भी ऐसा ही हुआ। टीचैटचेट और मार्तासिदिस दोनों पदक के दावेदार थे।

## राष्ट्रमंडल खेल : भारतीय पुरूष टेबल टेनिस टीम ने सिंगापुर को हराकर स्वर्ण बरकरार रखा

**बर्मिंघम।** हरमीत देसाई ने निर्णायक एकल मुकाबले में अपनी लय कायम रखते हुए जीत दर्ज की और भारतीय पुरूष टेबल



टेनिस टीम ने करीबी मुकाबले में सिंगापुर को हराकर राष्ट्रमंडल खेलों में अपना स्वर्ण बरकरार रखा। दुनिया के 121वें नंबर के खिलाड़ी हरमीत ने तीसरे एकल में 133वीं रैंकिंग वाले झे यू क्लारेंस चीयू को 11.8, 11.5, 11.6 से हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में पुरूषों की टीम स्पर्धा में भारत का यह तीसरा स्वर्ण पदक है। मैनचेस्टर में 2002 में हुए खेलों में टेबल टेनिस को शामिल किए जाने के बाद भारत का यह सातवां पदक है। हरमीत और जी साथियान की जोड़ी ने योन इजाक क्वेक और यू इन कोएन पांग की जोड़ी को 13-11, 11-7, 11-5 से शिकस्त देकर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। लेकिन दिग्गज शरत कमल अपनी लय को जारी नहीं रख सके। सेमीफाइनल में नाइजीरिया के विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी अरूणा कादरी को हराने वाले शरत पुरुष एकल के पहले मैच में झे यू क्लारेंस चीयू हार गए। सिंगापुर के खिलाड़ी ने उन्हें 11-7 , 12-14, 11-3, 11-9 से हराया। विश्व रैंकिंग में 35 वें स्थान पर काबिज जी साथियान ने इसके बाद पांग को 12-10, 7-11, 11-7, 11-4 से हराकर मुकाबले में भारत की वापसी कराई। हरमीत ने इसके बाद तीसरे एकल मुकाबले में चीयू को हराया। शरत का यह राष्ट्रमंडल खेलों में दसवां पदक है। वह एकल और युगल मुकाबले भी खेल रहे हैं। शरत ने कहा, 'हरमीत की सर्विस ने सारा अंतर पैदा किया। मैं पूरे मैच में सहज महसूस नहीं कर रहा था लेकिन हरमीत ने शानदार प्रदर्शन किया। हरमीत ने कहा, 'मैं पूरे समय अपनी सर्विस बदलते रहने पर फोकस कर रहा था। यह मेरे कैरियर की सबसे बड़ी जीत में से एक है।

## राष्ट्रमंडल खेल : रोमांचक मुकाबले में मलेशिया से हारा भारत, जीता सिल्वर मेडल

**बर्मिंघम।** भारतीय मिश्रित बैडमिंटन टीम ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 के फाइनल में मलेशिया से हारने के बाद रजत पदक से संतोष किया। मलेशिया ने खेले गए स्वर्ण पदक मैच में भारत को 3-1 से मात दी। फाइनल में भारत की शुरुआत अच्छी नहीं हुई। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को पहले मैच में टेंग फोंग और वूई सोह के हाथों 18-21, 15-21 से हार मिली। पहले गेम में भारतीय जोड़ी 18-15 से आगे चल रही थी मगर मलेशियाई जोड़ी ने लगातार छह पॉइंट जड़कर मैच में 1-0 की बढ़त ली और फिर सीधे गेमों में भारत को हराया। इसके बाद महिला एकल मैच में पुसरला वेंकट सिंधु का सामना गोह जिन वेई से हुआ जहां सिंधु ने 22-20, 21-17 से जीत दर्ज की। मलेशियाई खिलाड़ी ने पहले गेम के शुरुआती हिस्से में पिछड़ने के बाद सिंधु को कड़ी टक्कर दी, लेकिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ने संयम बरतते हुए टाई को 1-1 की बराबरी पर पहुंचाया। पुरुष एकल मैच में किदांबी श्रीकांत की करीबी मैच में हार के बाद भारत 1-2 से पिछड़ गया।

किदांबी ने एनजी ट्ज़ो योंग को कड़ी टक्कर दी, लेकिन पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा ले रहे योंग ने तीन गेमों के मैच में किदांबी को 21-19, 6-21, 21-16 से मात दी। अब त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद को महिला युगल मैच में कूंग ली परली और मुरलीधरन थिनाह का सामना करना था, और टाई में बरकरार रहने के लिए भारत को यह मैच जीतना जरूरी था। दुर्भाग्यवश, जॉली और गोपीचंद की जोड़ी ऐसा न कर सकी और सीधे गेमों में उन्हें 21-18, 21-17 से हार मिली। सिंगापुर ने 3-1 की जीत के साथ बर्मिंघम 2022 की मिश्रित बैडमिंटन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। गोल्डकोस्ट राष्ट्रमंडल खेल 2018 में मलेशिया को भारत से हारकर रजत से संतोष करना पड़ा था, लेकिन बर्मिंघम 2022 में उन्होंने अंततः भारत पर जीत दर्ज की। दूसरी ओर, भारत अब तक राष्ट्रमंडल खेल 2022 में पांच स्वर्ण, पांच रजत और तीन कांस्य 13 पदक जीत चुका है।

# शतरंज ओलिम्पियाड पाँचवाँ दिन भारत की बी टीम बनी बेमिशाल स्पेन को हरा किया उलटफेर तानिया के दम पर महिला टीम की पाँचवीं जीत

**मामल्लापुरम।** 44वें शतरंज ओलिम्पियाड में पाँचवाँ दिन भारत के लिए कुछ इतिहासिक परिणाम लेकर आया है और भारत की छह टीमों मे से चार टीमों नें इस कठिन राउंड को जीतकर पदक की संभावनाओं को मजबूत किया है और अब आने वाले मुकाबलों मे भारत के प्रदर्शन पर दुनिया की नजरे रहेंगी ।

**युवा बी टीम का कमाल स्पेन का किला किया ध्वस्त**

भारत की बी टीम को अब बेमिशाल टीम कहना ही उचित होगा क्यूंकी इस टीम नें खिताब की प्रबल दावेदार स्पेन को पराजित करते हुए सभी को चौंका दिया है ,पहले बोर्ड पर डी गुकेश नें महान खिलाड़ी अलेक्सी शिरोव को पराजित करते हुए टीम को जीत दिलाने मे मुख्य भूमिका निभाई बल्कि अब वह विश्व रैंकिंग के हिसाब से आनंद और हरीकृष्णा के बाद भारत के तीसरे नंबर के खिलाड़ी बन गए है । टीम के लिए जीत दिलाने में अधिबन भास्करन को बड़ा योगदान रहा और उन्होने एडुयार्डो इटूरिजागा को पराजित करते हुए टीम को दूसरा अंक दिलाया ,निहाल सरीन नें डेविड अंटोन को ड्रॉ रोका जबकि प्रग्गानंधा को संतोष लतासा से हार का सामना करना पड़ा




,इस प्रकार भारत स्पेन से 2.5-1.5 से जीतने में कामयाब रहा ।

**तनिया की चौंथी जीत से भारत नें फ्रांस को हराया**

टॉप सीड भारत की प्रमुख महिला टीम नें आज तनिया सचदेव के शानदार लय के चलते अपनी लगातार पाँचवीं जीत दर्ज की , भारत के लिए चौंथे बोर्ड पर खेलते हुए तानिया नें आन्द्रीया नवरोटेसकू को पराजित करते हुए टीम को जीत दिलाने में एक बार फिर मुख्य भूमिका निभाई ,कोनेरु हम्पी ,हरिका द्रोणावल्ली और आर वैशाली नें अपनी बाजिया ड्रॉ खेली और भारत फ्रांस से 2.5-1.5 से जीतने में कामयाब रहा । भारत की महिला बी टीम को जॉर्जिया से 3-1 से हार का सामना करना पड़ा जबकि सी टीम को ब्राज़ील नें ड्रॉ पर रोक लिया ।

**अर्जुन की जीत से वापसी ,भारत नें रोमानिया को हराया**

भारत की प्रमुख टीम के लिए आज का दिन अच्छा रहा ,कल फ्रांस से ड्रॉ खेलने के बाद आज भारत नें अर्जुन एरिगासी की एमिलियन मिरकेय के खिलाफ जीत और हरीकृष्णा पेंटाला ,विदित गुजराती और एसएल नारायनन के ड्रॉ से रोमानिया को 2.5-1.5 से पराजित कर दिया । भारत की पुरुष की सी टीम नें कल की हार से उबरते हुए आज चिली को 2.5-1.5 से हराया ।

ओलंपियाड में आज पुरुष वर्ग के मुख्य मुकाबलों में अर्मेनिया नें इंग्लैंड को , यूएसए नें इज़राइल को पराजित किया जबकि महिला वर्ग में रोमानिया नें पोलैंड को मात दी जबकि उक्रेन और अजरबैजान के बीच मुक़ाबला ड्रॉ रहा ।

# राष्ट्रमंडल खेल : भारतीय महिला टीम ने रचा इतिहास, लॉन बॉल में जीता गोल्ड मेडल

**बर्मिंघम।** भारतीय लॉन बॉल टीम ने राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया और पूरे देश को इस गुमनाम से खेल को देखने के लिये प्रेरित भी किया। भारत की लवली चौबे (लीड), पिंकी (सेकंड), नयनमोनी सैकिया (थर्ड) और रूपा रानी टिर्की (स्लिप) की चौकड़ी ने दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में 17.10 से हराया। प्रतियोगिता की महिला फोर स्पर्धा में भारत पहली बार उतरा था । भारतीय दल का यह चौथा स्वर्ण है और भारोत्तोलन के अलावा किसी स्पर्धा में पहला स्वर्ण भी है। एक समय भारतीय टीम 8.2 से आगे थी लेकिन थाबेलो मुहांगो (लीड), ब्रिगेट कालित्ज (सेकंड), एस्मी क्रूगर (थर्ड) और जोहाना स्नीमैन (स्किप) ने 8.8 से बराबरी कर ली। भारतीय खिलाड़ियों ने संयम बरकरार रखते हुए आखिरी तीन दौर जीते। इससे पहले महिला ट्रिपल में भारतीय टीम ने राष्ट्रमंडल शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड को 15.11 से पराजित किया। भारत



की तानिया चौधरी (लीड), पिंकी (सेकंड) और रूपा रानी टिर्की (स्किप) की तिकड़ी निकोल टॉमी (लीड), तायला ब्रूस (सेकंड) और वैल स्मिथ (स्किप) की कीवी टीम से कहीं बेहतर साबित हुई।


भारत छठे छोर के बाद 6.2 से आगे चल रहा था, लेकिन न्यूजीलैंड ने नौवें छोर के बाद स्कोर बराबर कर लिया। भारतीय टीम ने हालांकि अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम को वापसी का मौका नहीं दिया और आखिर में मुकाबला जीतने में सफल रही।

इस स्पर्धा में भारत का अगला मुकाबला इंग्लैंड से होगा जबकि बुधवार को वह नीयु से भिड़ेगा। इस बीच भारत की महिला पेयर टीम को न्यूजीलैंड से 18.9 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम में लवली चौबे (लीड) और नयनमोनी सैकिया (स्किप) शामिल थी। भारतीय टीम को क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए बुधवार को नीयु और दक्षिण अफ्रीका को हराना होगा।

# लॉन्ग जंप के फाइनल में पहुंचे मुरली श्रीशंकर और अनीस याहिया, चार अगस्त को होगा फाइनल

**मामल्लापुरम।** राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक मुरली श्रीशंकर राष्ट्रमंडल खेलों की लॉन्ग जंप के क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रहकर फाइनल में पहुंच गए हैं। वहीं, मुहम्मद अनस याहिया शीर्ष आठ में जगह बनाकर फाइनल के लिए क्वालिफाई कर गए। फाइनल चार अगस्त को होगा।

23 वर्षीय मुरली ने स्वर्ण पदक की दावेदारी पेश कर दी है। मुरली अकेले प्रतिभागी थे, जिन्होंने आठ मीटर के क्वालिफाइंग मार्क को पार किया।




*23 वर्षीय मुरली ने स्वर्ण पदक की दावेदारी पेश कर दी है। मुरली अकेले प्रतिभागी थे, जिन्होंने आठ मीटर के क्वालिफाइंग मार्क को पार किया।*

मुरली ग्रुप ए में पहले प्रयास में 8:05 मीटर की छलांग लगाकर शीर्ष पर रहे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में अमेरिका के युगेन में संपन्न हुई विश्व चैंपियनशिप में श्रीशंकर ने 8.36 मीटर छलांग लगाकर इस सत्र का और व्यक्तिगत श्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। वह फाइनल में सातवें नंबर पर रह थे। याहिया ग्रुप बी में 7.68 मीटर की दूरी नापकर तीसरे नंबर पर रहे। याहिया का इस सत्र का और व्यक्तिगत श्रेष्ठ प्रदर्शन 8.15 मीटर है।

## बलूचिस्तान में पाक सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश, लेफ्टिनेंट जनरल सहित 6 की मौत

**इस्लामाबादः** बलूचिस्तान प्रांत में बाढ़ राहत अभियान में तैनात पाकिस्तानी सेना के एक हेलीकॉप्टर के क्रैश होने से पाकिस्तानी सेना के एक लेफ्टिनेंट जनरल और पांच वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की मौत हो गई। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हेलीकॉप्टर में 12वीं कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल सरफराज अली सवार थे। वह बलूचिस्तान में बाढ़ राहत कार्यों की निगरानी कर रहे थे। यह हिस्सा मूसलाधार बारिश के कारण बाढ़ से बुरी तरह से प्रभावित है। पाकिस्तान के सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा 'इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' के महानिदेशक मेजर जनरल बाबर इफ्तिखार के मुताबिक, बाढ़ राहत कार्यों में तैनात हेलीकॉप्टर का मलबा लासबेला के मूसा गोथ में मिला। हादसे में लेफ्टिनेंट जनरल सरफराज अली सहित सभी छह अधिकारियों और सैनिकों की मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार दुर्घटना का कारण खराब मौसम हो सकता है। पाकिस्तान का सैन्य हेलीकॉप्टर बलूचिस्तान के लासबेला में बाढ़ राहत अभियान में तैनात था, जब सोमवार को हवाई यातायात नियंत्रक (एटीसी) से उसका संपर्क टूट गया।'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार में प्रकाशित खबर के मुताबिक, लेफ्टिनेंट जनरल सरफराज उन सैन्य अधिकारियों में शामिल थे, जिनका तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान ने पिछले साल अक्टूबर में खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के महानिदेशक पद के लिए साक्षात्कार लिया था। उन्होंने अमेरिका में पाकिस्तान के रक्षा अधिकारी के रूप में भी कार्य किया था। दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर में सवार अन्य अधिकारियों में पाक तटरक्षक बल के महानिदेशक ब्रिगेडियर अमजद हनीफ (जिन्हें हाल ही में मेजर जनरल के पद पर पदोन्नति मिली थी), ब्रिगेडियर मुहम्मद खालिद, मेजर सैय्यद अहमद, मेजर मुहम्मद तलहा मनन और नायक मुदस्सर फैयाज शामिल थे।



## पाकिस्तान में पोलियो का कहर, जांच के बाद 7 शहरों में कई मामलों की पुष्टि

**इस्लामाबादः** भारत समेत दुनिया के कई देश जहां पोलियो मुक्त हो चुके हैं वहीं पड़ोसी देश पाकिस्तान में इसका कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है । पाकिस्तान के संघीय अधिकारियों के अनुसार विभिन्न शहरों से पर्यावरण के नमूनों का परीक्षण करने के बाद देश के कई प्रांतों के 7 शहरों में पोलियो के कई मामले सामने आए हैं। जियो न्यूज ने बताया कि अधिकारियों ने पेशावर, बन्नू, नौशेरा और स्वात के सीवेज के नमूनों की जांच के बाद चार खैबर पख्तूनख्वा शहरों में पोलियो वायरस की पुष्टि की। खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में संघीय अधिकारियों द्वारा पोलियो के 13 मामलों की पुष्टि की गई और लकी मारवात में एक मामला दर्ज किया गया इस्लामाबाद और रावलपिंडी के सीवेज के नमूनों में भी पोलियो पाया गया। मीडिया ने बताया, कई अन्य शहरों में पोलियो के लिए नमूनों के परीक्षण के परिणाम अभी तक जारी नहीं किए गए हैं। विशेष रूप से, अधिक पोलियो संक्रमण के मामलों में वृद्धि होने की आशंका है क्योंकि वायरल परिसंचरण मई से सितंबर के महीनों में बढ़ने की उम्मीद है।



## हिंद-प्रशांत में चीन की गतिविधियों से सतर्क अमेरिका, इंडोनेशिया के साथ शुरू किया संयुक्त सैन्य अभ्यास

**हिंद-प्रशांतः** हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों के बीच अमेरिका और इंडोनेशिया ने आपसी संबंधों के और मजबूत होने का संकेत देते हुए बुधवार को सुमात्रा द्वीप में वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया, जिसमें पहली बार अन्य देशों ने भी भाग लिया। जकार्ता में अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में बताया कि इस साल इस सैन्य अभ्यास में अमेरिका, इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया, जापान और सिंगापुर के 5,000 से अधिक जवान हिस्सा ले रहे हैं। इस सैन्य अभ्यास की शुरुआत 2009 से हुई थी। इसके बाद से अब तक इस साल इसमें सर्वाधिक संख्या में जवान भाग ले रहे हैं। बयान में कहा गया कि इस सैन्य अभ्यास का लक्ष्य किसी भी अभियान के दौरान तथा मुक्त एवं स्वतंत्र हिंद प्रशांत के समर्थन में आपसी सहयोग।

# ताइवान पर रूस-चीन में तनावः नैंसी पेलोसी राष्ट्रपति वेन से मिलीं, कहा- हमें ताइवान की दोस्ती पर गर्व, हर स्तर पर साथ देंगे

**वॉशिंगटन/बीजिंग/ताइपे।** अमेरिकी संसद की स्पीकर नैंसी पेलोसी अपने दौरे के दूसरे दिन बुधवार को ताइवान की संसद पहुंचीं। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रपति साई इंग वेन से मुलाकात की। संसद में पेलोसी को ताइवान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ प्रॉपिटियस क्लाउड्स विद स्पेशल ग्रैंड कॉर्डन' से सम्मानित किया गया।

पेलोसी ने कहा- सुरक्षा के मुद्दे पर अमेरिका ताइवान का साथ देगा। हम हर पल उनके साथ है। हमें ताइवान की दोस्ती पर गर्व है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने 43 साल पहले ताइवान के साथ खड़े रहने का जो वादा किया था, वो उस पर आज भी अडिग है।

नॉर्थ कोरिया ने नैंसी पेलोसी की ताइवान विजिट की निंदा की है। उ. कोरिया के विदेश मंत्रालय का कहना है कि अमेरिका चीन के आंतरिक मामलों में दखल दे रहा है।

पेलोसी के ताइवान पहुंचने से नाराज चीन ने कहा- कुछ अमेरिकी नेता चीन-रूस के रिश्ते बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। जो भी चीन के खिलाफ जाएगा उसे इसकी सजा मिलेगी।

चीन ने ताइवान के चारों ओर मिलिट्री ड्रील करने की बात कही है। इसे लेकर जापान ने चिंता जाहिर की है।

### चीन ने ताइवान पर लगाए आर्थिक प्रतिबंध

इधर, पेलोसी की विजिट से बौखलाए चीन ने ताइवान के लिए आर्थिक परेशानियां खड़ी करना शुरू कर दिया है। चीनी सरकार ने



ताइवान को नेचुरल सैंड के देने पर रोक लगा दी है। इससे ताइवान को काफी नुकसान हो सकता है। कोरोना महामारी के बाद से कंस्ट्रक्शन और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट ताइवान के लिए इनकम का सोर्स बन गया है। ऐसे में रेत का निर्यात रोकने से ताइवान को आर्थिक नुकसान होगा। 1 जुलाई को भी चीन ने ताइवान के 100 से ज्यादा फूड सप्लायर से आयात (इम्पोर्ट) पर प्रतिबंध लगाया था।

### पेलोसी की विजिट से नाखुश चीन क्या कर सकता है?

चीन अब ताइवान पर और ज्यादा दबाव बनाने की कोशिश करेगा। इसके लिए चीन के फाइटर जेट्स ताइवान के हवाई सीमा क्षेत्र में पहले से ज्यादा घुसपैठ करेंगे।

चीन ताइवान को उकसा सकता है। फाइटर जेट्स को ताइवान के हवाई सीमा क्षेत्र में भेज कर चीन ताइवान को हमला करने के लिए उकसाने की कोशिश करेगा।

चीन की सरकार S का डिप्लोमैटिक विरोध कर सकती है। वह अमेरिका से अपने राजदूत किन गैंग को वापस बुला सकती है।

### चीन के खिलाफ ताइवान और अमेरिका तैयार

पेलेसी के ताइवान पहुंचने पर चीन ने ताइवान के पूर्व में समुद्र में मिसाइलों का परीक्षण किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका और ताइवान की सेनाएं चीन से निपटने के लिए तैयार हैं। अमेरिकी नेवी के 4 वॉरशिप हाईअलर्ट पर हैं और ताइवान की समुद्री सीमा में गश्त कर रहे हैं। इन पर एफ-16 और एफ-35 जैसे हाईली एडवांस्ड फाइटर जेट्स और मिसाइलें मौजूद हैं। रीपर ड्रोन और लेजर गाइडेड मिसाइलें भी तैयार हैं। अगर चीन की तरफ से कोई हिमाकत की गई तो अमेरिका और ताइवान उस पर दोनों तरफ से हमला कर सकते हैं।

# पुतिन की गर्लफ्रेंड अलीना ब्लैकलिस्ट, अमेरिका की रूस पर नई पाबंदी

**वॉशिंगटन।** यूक्रेन पर हमले के मद्देनजर अमेरिका ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन व रूस के खिलाफ नई पाबंदियों का एलान किया है। पुतिन की कथित प्रेमिका अलीना मारतोवना काबेवा को ब्लैकलिस्ट किया गया है। अमेरिका ने अलीना का वीजा निरस्त कर दिया है।

39 साल की काबेवा की पुतिन के साथ नजदीकियां हैं। वह रूसी संसद ड्यूमा की पूर्व सदस्य है और नेशनल मीडिया ग्रुप की मौजूदा प्रमुख हैं। यह ग्रुप टेलीविजन, रेडियो और प्रिंट मीडिया संगठनों का रूसी सरकार समर्थक समूह है।

अमेरिकी वित्त विभाग ने जारी आदेश में कहा कि काबेवा पर यूरोपीय संघ व ब्रिटेन ने भी पाबंदियां लगाई हैं। काबेवा पर यह कार्रवाई रूसी संघ की एक वरिष्ठ नेता, वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी व निदेशक मंडल की सदस्य होने के आधार पर की गई है।



अमेरिका यूक्रेन पर हमले के बाद रूस, पुतिन, उनकी दो बेटियों व कई अन्य रूसी नेताओं पर पाबंदी लगा चुका है। इन नेताओं पर यात्रा पाबंदियों के साथ ही उनकी संपत्तियों को भी जब्त किया गया है। काबेवा पर पाबंदी से पहले अमेरिका ने पुतिन की दोनों बेटियों कैटरीना व्लादिमीरोवना तिखोनोवा और मारिया व्लादिमीरोवना वोरोत्सोवा पर पाबंदी लगाई थी। अमेरिका वित्त मंत्रालय अब तक 893 रूसी नेताओं व अधिकारियों पर पाबंदी लगा चुका है। इनमें रूस के शीर्ष सैन्य अधिकारी भी शामिल हैं।

इन सभी के वीजा जब्त कर लिए गए हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने बयान जारी कर कहा है कि यूक्रेन पर हमले के बाद वहां के लाखों लोग मुश्किलों से जूझ रहे हैं, जबकि पुतिन व उनके सहयोगी ऐशो आराम की जिंदगी जी रहे हैं।

### बेटी को जन्म देने वाली है अलीना

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पुतिन के एक बार फिर पिता बनने की चर्चा है। दावा किया जा रहा है कि पुतिन और अलीना के दो बच्चे पहले से हैं और अब वह एक बेटी को जन्म देने जा रही है।

## श्रीलंका की समुद्री सीमा में चीनी पोत को लेकर भारत ने जताई चिंता, पीएम गुणवर्धने ने दिया ये भरोसा

**कोलंबो** श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर चीन के विशाल पोत के आने की सूचना को लेकर हाल ही में भारत ने अपनी कड़ी आपत्ति जताई थी। इसके बाद आर्थिक संकट से जूझ रहा श्रीलंका दोनों देशों के बीच में फंस गया है। इस बीच श्रीलंका के प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने ने कहा कि उनका देश सामिरक तौर पर अहम बंदरगाह पर चीन के अनुसंधान पोत आने के मुद्दे का समाधान 'मित्रता के दृष्टिकोण' से करने की कोशिश करेगा। बता दें कि भारत के विदेश मंत्रालय ने इसको लेकर साफ शब्दों में कहा था कि वह उसकी सुरक्षा और आर्थिक हितों पर असर डालने वाले किसी भी घटनाक्रम पर करीब से निगाह रखता है। चीनी पोत 'युआन वांग 5' ईंधन 'भरवाने' के लिए 11-17 अगस्त तक श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर आने की उम्मीद है और यह अगस्त और सितंबर के दौरान हिंद महासागर के उत्तर पश्चिमी हिस्से में उपग्रह नियंत्रण और अनुसंधान ट्रैकिंग करेगा। इस बंदरगाह को सामरिक दृष्टि से अहम माना जाता है और यह राजपक्षे परिवार के गृहनगर में स्थित है तथा इसे मुख्यतः चीन के कर्ज़ से विकसित किया गया है। नवनियुक्त



प्रधानमंत्री गुणवर्धने ने पत्रकारों से कहा, दोनों देश हमारे करीबी मित्र हैं। हम मित्रता के दृष्टिकोण से मुद्दे का समाधान करने की कोशिश करेंगे। विदेश मंत्री अली साबरी ने कैबिनेट में कहा कि चीन के पोत ने सिर्फ ईंधन भरने के वास्ते बंदरगाह पर आने के लिए कहा है। भारत ने पोत के देश के बंदरगाह में आने को लेकर अपनी चिंताओं से श्रीलंका की सरकार को आधिकारिक रूप से अवगत कराया है। इसके बाद श्रीलंका की सरकार की यह प्रतिक्रिया आई है।

### श्रीलंका : विक्रमसिंघे के निजी आवास में आग लगाने के तीन संदिग्ध गिरफ्तार

इधर, श्रीलंका के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के निजी आवास में नौ जुलाई को आग लगाने के तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। डेली मिरर की खबर के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि 18 से 22 साल के दो संदिग्ध मदापाठा और कोलंबो के रहने वाले हैं। उन्हें कल पकड़ा गया था। तीसरे गिरफ्तार संदिग्ध के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है। इस मामले में चार अन्य संदिग्ध पहले ही हिरासत में हैं। पुलिस ने कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट की अदालत से उन्हें 10 अगस्त तक रिमांड पर ले रखा है। नौ जुलाई को समावेशी सरकार के लिए प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के प्रस्ताव के कुछ घंटे बाद ही प्रदर्शनकारियों का एक समूह 73 वर्षीय विक्रमसिंघे के निजी आवास में घुसा और आग लगा दी। प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे सरकार का इस्तीफा मांग रहे थे।

# यूएन में भारत की पहली स्थायी महिला दूत रुचिरा कंबोज ने संभाला कार्यभार, भूटान में थीं तैनात

**वॉशिंगटन।** राजदूत रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। रुचिरा न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भारत की पहली महिला दूत होंगी। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में भारत के मौजूदा स्थायी प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति की जगह ली है। रुचिरा कंबोज भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) की 1987 बैच की अफसर रही हैं।

### रुचिरा भूटान में भारत की पहली महिला राजदूत थीं

इससे पहले रुचिरा भूटान में भारत की राजदूत की जिम्मेदारी निभार रही थीं। साथ ही कंबोज दक्षिण अफ्रीका में भारत की उच्चायुक्त और यूनेस्को में भारत की राजदूत/स्थायी प्रतिनिधि के तौर पर काम कर चुकी हैं। रुचिरा



भूटान में भारत की पहली महिला राजदूत थीं।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत का कार्यकाल इस साल दिसंबर में समाप्त होगा जब देश इस महीने के लिए शक्तिशाली संयुक्त राष्ट्र संघ के अध्यक्ष के रूप में भी अध्यक्षता करेगा। कंबोज ने इससे पहले 2002-2005 तक न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में काउंसलर के रूप में भी काम किया था। कंबोज ने ट्वीट किया था कि संयुक्त राष्ट्र में भारत की नामित स्थायी प्रतिनिधि के रूप में अभी-अभी न्यूयॉर्क पहुंची हूं। सुरक्षा परिषद में आज अपने सभी सहयोगी राजदूतों से मिलकर बहुत अच्छा लगा। इस नए पद के जरिये अपने देश की सेवा करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है।

कंबोज के पूर्ववर्ती राजदूत टीएस तिरुमूर्ति ने उनके ट्वीट का जवाब देते हुए लिखा था कि बधाई और आपकी सफलता के लिए शुभकामनाएं रुचिरा!

### 1987 सिविल सेवा बैच की महिला टॉपर थीं कांबोज

रुचिरा कंबोज 1987 सिविल सेवा बैच भारतीय महिला टॉपर थीं और उस वर्ष के विदेश सेवा बैच की टॉपर थीं। उन्होंने पेरिस में अपनी राजनयिक यात्रा शुरू की, जहां उन्हें 1989-1991 तक फ्रांस में भारतीय दूतावास में तीसरे सचिव के रूप में तैनात किया गया था। इसके बाद वे पेरिस से वह दिल्ली लौटीं, जहां उन्होंने 1991 से 1996 तक विदेश मंत्रालय के यूरोप वेस्ट डिवीजन में अवर सचिव के रूप में काम किया।

# संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजदूत रुचिरा कंबोज ने भारत की नई स्थायी प्रतिनिधि के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में टीएस तिरुमूर्ति की जगह भारतीय राजदूत के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। वह न्यूयार्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भारत की पहली महिला दूत हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि के रूप में कार्यभार संभालने के बाद राजदूत रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की। इस मुलाकात के बारे में उन्होंने ट्वीट कर जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि आज संयुक्त राष्ट्र के महासचिव से मुलाकात कर अपना परिचय पत्र प्रस्तुत किया। संयुक्त राष्ट्र के स्थायी प्रतिनिधि/राजदूत के रूप में इस पद पर आसीन होने वाली पहली भारतीय महिला होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि रुचिरा कंबोज भारतीय विदेश सेवा की 1987 बैच की अफसर हैं। वह अपने बैच की टॉपर रही हैं। रुचिरा कंबोज भूटान में भारत की पहली महिला राजदूत रही हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में भारत की उच्चायुक्त के रूप में सेवाएं दी हैं। रुचिरा के करियर की शुरूआत फ्रांस में थर्ड सेक्रेटरी के तौर पर हुई थी। उन्होंने फ्रांस स्थित भारतीय दूतावास में सेकेंड सेक्रेटरी का पद भी संभाला है। वह यूनेस्को में भारत की राजदूत/स्थायी प्रतिनिधि के रूप में काम कर चुकी हैं। उन्हें जून में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भारत की स्थायी प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया था।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# ताइवान से रवाना हुईं पेलोसी, पाकिस्तान ने चीन से मिलाए सुर

**ताइपे।** चीन के जबर्दस्त विरोध और धमकियों के बावजूद ताइवान पहुंचीं अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी ताइवान के ताइपे एयरपोर्ट से दक्षिण कोरिया के लिए रवाना हो गई हैं। इस बीच पाकिस्तान ने भी चीन से सुर मिलाते हुए पेलोसी के ताइवान दौरे पर विरोध दर्ज कराया है।

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी एशियाई देशों की यात्रा पर हैं। वे मंगलवार रात ताइवान पहुंचीं थीं। चीन उनकी ताइवान यात्रा का लगातार विरोध कर रहा था और चीन की ओर से इस मसले पर अमेरिका को धमकी तक दे दी गयी थी। इसके बावजूद पेलोसी ने ताइवान यात्रा पर जाने का फैसला किया। वहां पहुंची पेलोसी को ताइवान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ प्रॉपिटियस



क्लाउड्स विद स्पेशल ग्रैंड कॉर्डन' से सम्मानित किया गया।

इसके बाद पेलोसी व ताइवान की राष्ट्रपति ई इंग वेन के बीच मुलाकात में शांति व स्थिरता पर जोर दिया गया। ताइवान ने अपनी संप्रभुता बनाए रखने की बात कही और अमेरिका को ताइवान का साथ देने के लिए धन्यवाद भी दिया। बुधवार को ताइवान यात्रा समाप्त कर पेलोसी दक्षिण कोरिया के लिए रवाना हो गईं। इस बीच पेलोसी की ताइवान यात्रा से नाराज चीन ने ताइवान पर कई प्रतिबंध लगा दिए। इतना ही नहीं चीनी सेना ने 21 सैन्य विमानों से ताइवान के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में उड़ान भरकर अपनी ताकत दिखाई।

चीन ने कहा कि अमेरिका ने 'वन चाइना पॉलिसी' का उल्लंघन किया है। चीन की सेना ने ताइवान के चारों ओर सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया। इस मसले पर चीन को पाकिस्तान का साथ मिला है। पाकिस्तान ने नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा पर चीन के सुर में सुर मिलाए हैं। पाकिस्तान ने कहा है कि पेलोसी की इस यात्रा से क्षेत्रीय शांति पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा।

## कैलिफोर्निया में मंकीपॉक्स का कहर, आपातकाल की घोषणा, दूसरे के तौलिया-कपड़ों से रहें दूर

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका में मंकीपॉक्स का बड़ी तेजी से प्रसार हो रहा है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजॉम ने मंकीपॉक्स के प्रकोप से निपटने के लिए राज्य में आपातकाल की घोषणा कर दी है। यह कदम उठाने वाला वह तीन दिनों में दूसरा राज्य बन गया है।

गवर्नर गेविन न्यूजॉम ने कहा, हम अधिक टीकों को सुरक्षित करने, जोखिम कम करने को लेकर जागरूकता बढ़ाने और समलैंगिक समुदाय के साथ खड़े होने के लिए संघीय सरकार के साथ काम करना जारी रखेंगे। बता दें, यह बीमारी लंबे समय तक त्वचा के त्वचा से निकट संपर्क से फैलता है जिसमें गले लगाना, गले लगाना और चूमना, साथ ही बिस्तर, तौलिये और कपड़ों को साझा करना शामिल हो सकता है।

रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के ताजा अपडेट के मुताबिक, कैलिफोर्निया में कुल मंकीपॉक्स के मामले वर्तमान में 827 थे, जो 1,390 मामलों के साथ सबसे बुरी तरह प्रभावित न्यूयॉर्क राज्य के बाद दूसरी सर्वाधिक संख्या है। यहां पुरुषों में 98.3 फीसदी सकारात्मक मामले थे जिनमें अधिकांश समलैंगिक समुदाय के हैं।

### टीकों की आपूर्ति कम

गवर्नर के कार्यालय ने कहा कि कैलिफोर्निया ने अब तक प्राप्त कुल 61,000 खुराक में से वैक्सीन की 25,000 से अधिक



खुराक वितरित की हैं। विशेष रूप से जाईनोस वैक्सीन की पूरे देश में कम आपूर्ति है।

त्वचा पर दिखाई देते हैं ये लक्षण मंकीपॉक्स के दौरान तेज बुखार आता है, जो सामान्य रूप से भी लोगों को आ जाता है। थकान, बदन और सिर दर्द, मांसपेशियों में दर्द भी सामान्य बात है।

सिर्फ त्वचा पर दिखाई देने वाले लाल चकत्तों या पस भरे हुए लाल दानों के उभरने से ही मंकीपॉक्स का शक पैदा होता है और मरीज इसकी जांच कराता है। हालांकि यह यह अलग बात है कि मंकीपॉक्स का वायरस शरीर में जाने के बाद लक्षण पैदा करने या अपना असर दिखाने में कुछ समय लगाता है, जो वायरस का इनक्यूबेशन पीरियड कहलाता है।

मंकीपॉक्स के इन्क्यूबेशन पीरियड को लेकर अभी तक कई अनुमान जताए गए हैं। ऐसे में 6 से 13 दिन या 5 से 21 दिन पहले संपर्क में आने के बाद इसका संक्रमण देखा जा सकता है। लिहाजा लक्षण न आ पाने के चलते इस वायरस के संक्रमण को पहचानना तो काफी मुश्किल है, लेकिन एक बात तय कि अगर किसी के अंदर यह वायरस पहुंच चुका है लेकिन लक्षण प्रकट नहीं हुए हैं। ऐसी स्थिति में अगर कोई स्वस्थ व्यक्ति इस संक्रमित के बेहद करीब रहता है तो वह भी प्रभावित हो सकता है।